रोहतक, सोमवार, 14 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 73
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 38.0
न्यून. 17.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती



## खबर संक्षेप



### एक देश एक चुनाव आज देश की मांग : रेखा शर्मा

**पंचकूला।** प्रोग्रेसिव लीडर्स अलायन्स द्वारा सेक्टर 6 एमडीसी के कम्युनिटी सेंटर में वन नेशन वन इलेक्शन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया एवं भाजपा जिला प्रधान अजय मित्तल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवा उद्यमी केतन कालरा (सुपर डोनट के मालिक), रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर एस एस प्रसाद, भाजयुमो जिला प्रधान नरेंद्र लुबाना ने एक राष्ट्र एक चुनाव के महत्व पर अपने विचार रखे। राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा, एक देश में एक चुनाव होने से देश के संसाधनों की बचत, समय की बचत और देश के करदाताओं के पैसों की बचत होगी। एक देश एक चुनाव आज पूरे देश की मांग। कार्यक्रम के दौरान रेखा शर्मा ने उपस्थित युवाओं से सवाल-जवाब भी किया एवं उनके विचारों को सुना।

### समाज की तरक्की के लिए लक्ष्य होना जरूरी : हरविंद्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज सोनीपत के गांव पुरखास पहुंचकर गुरू भागमल जी की प्रतिमा का अनावरण करने के साथ-साथ गुरू भागमल आराधना भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की तरक्की के लिए सामूहिक शक्ति और लक्ष्य का होना बहुत जरूरी है, जिसके लिए अच्छे वातावरण की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि अच्छा वातावरण और खुशहाली तभी संभव है जब हम परमात्मा को मानते हुए अपने महापुरूषों के बताए रास्ते और उनके विचारों के साथ अच्छे लक्ष्य के लिए सामूहिक रूप से आगे बढ़ेंगे।

### आंबेडकर जयंती पर पहली बार राष्ट्रीय मुशायरा होगा

**पंचकूला।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जंयती के पावन अवसर पर 14 अप्रैल को शाम ए अम्बेडकर मुशायरा का आयोजन किया जाएगा। यवनिका पार्क सेक्टर 5 में सांय 5 बजे आयोजित मुशायरा में हरियाणा सरकार के प्रधान सचिव उद्योग एवं वाणिज्य विभाग डा. डी सुरेश मुख्य अतिथि होंगे। पंचकूला के एसडीम चन्द्रकांत कटारिया, पूर्व विधायक लहरी सिंह, सेवानिवृत मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग सरदार हरपाल सिंह, सेवानिवृत मुख्य महाप्रबंधक हैफेड आर पी साहनी विशिष्ट अतिथि होंगे।

### ममता बनर्जी को रियल टाइम एक्शन फिल्में देखने का शौक : विज

**चंडीगढ़।** मंत्री अनिल विज ने वक्फ बिल पर पश्चिम बंगाल में लगातार हो रही हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी को आड़े हाथों लिया और कहा की ममता बैनर्जी को रियल टाइम एक्शन फिल्में देखने का शौंक है, जिसमें सड़कों पर आग लगी रहे, लोगों की दुकाने जलती रहे और लोग एक दूसरे का पेट फाड़ते रहें। यह सब देखना ममता बैनर्जी का शौंक है और वह कुछ महीनों के बाद ये एक्शन मूवी कर लेती हैं।

### साहित्य अकादमी ने बैसाखी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी एवं पंजाबी समाज के तत्वावधान से पंचकूला में बैसाखी के पावन अवसर पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती मुख्य रहे। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति के कार्यकारी उपाध्यक्ष, डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री, अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी, निदेशक, हिंदी एवं हरियाणवी प्रकोष्ठ, पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना, एनआर मुंजाल व रंजीता मेहता ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की। अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष, डॉ. कुलदीप चन्द्र अग्निहोत्री ने कहा कि सप्त सिंधु क्षेत्र का इतिहास संघर्ष का इतिहास रहा है।

---

आज हिसार में हवाई अड्डे और यमुनानगर में कई प्रोजेक्ट्स का शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

# हरियाणा में सुरक्षा-चाक चौबंद, हिसार एयरपोर्ट की पहली उड़ान में राजौंद स्कूल के 34 बच्चे करेंगे सफर

- तैयारी पूरी, फ्लाइट में 5 स्टाफ सदस्य भी होंगे, अयोध्या के लिए होगी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद/कैथल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर सोमवार सुबह करीब 10.15 बजे हिसार और अयोध्या के बीच कमर्शियल फ्लाइट का शुभारंभ और एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद यमुनानगर में प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करके हरियाणा को कई बड़ी सौगात देंगे। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। यमुनानगर और हिसार सहित पूरे हरियाणा में सुरक्षा चाक चौबंद कर दी गई है।

वहीं हरियाणा के पहले लाइसेंस प्राप्त हवाई अड्डे, हिसार एयरपोर्ट पर पहली बार लैंड करने वाली फ्लाइट का हिस्सा बनकर राजौंद के गोल्ड लाइफ स्कूल के होनहार छात्र एक ऐतिहासिक क्षण के गवाह बनेंगे। इस फ्लाइट में कुल 72 सीट हैं, जिनमें से 34 सीटों पर स्कूल के विद्यार्थी सवार होंगे। उनके साथ स्कूल के 5 स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहेंगे, जो बच्चों की देखरेख रखेंगे। यह विशेष उड़ान हिसार एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ ही शुरू होगी। इसमें पहली बार आम नागरिकों और विशेष अतिथि हिस्सा लेंगे।



**कैथल।** राजौंद गोल्ड लाइफ स्कूल के छात्र जो हिसार से शुरू होने वाली पहली उड़ान का हिस्सा बनेंगे।

### पीएम और सीएम से होगी मुलाकात

14 अप्रैल शुरू होने वाली इस हवाई यात्रा में उनके स्कूल के बच्चों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी से भी मुलाकात होगी, ऐसी उनकी उम्मीद है। उनके स्कूल के बच्चे इस पहली उड़ान में दिल्ली से बैठक हिसार एयरपोर्ट पर पहुंचेगे। स्कूल संचालक ने बताया कि उनके स्कूल के बच्चों ने सामूहिक रूप से संस्कृत में मंगल मंत्रोच्चारण करना भी सीख लिया है। इस आयोजन ने न केवल बच्चों के जीवन में एक नया अध्याय जोड़ा, बल्कि पूरे जिले के लिए भी गर्व का विषय भी होगा। हिसार एयरपोर्ट के उद्घाटन में इन बच्चों की भागीदारी यह दशार्ती है कि भविष्य की उड़ानें केवल आसमान में नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों और उनके आत्मविश्वास में भी भरी जा रही हैं।

### बच्चे संस्कृत में श्लोक उच्चारण करेंगे

स्कूल के संचालक जितेंद्र राणा ने बताया कि एयरपोर्ट उद्घाटन के मौके पर बच्चे संस्कृत में श्लोक उच्चारण भी करेंगे। जिनको कंठस्थ करवाने की तैयारी भी विद्यालय में करवाई गई है। इस अनूठी पहल का विचार बच्चों में आत्मविश्वास, उत्साह और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया। उन्होंने कहा हम चाहते थे कि हमारे छात्र केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि वास्तविक जीवन के अनुभव भी प्राप्त करें। हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन हमारे लिए एक आदर्श अवसर है।




### हिसार में भव्य पंडाल तैयार किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली फ्लाइट को झंडी दिखाने के बाद रैली को भी संबोधित करेंगे। इसके लिए प्रशासन ने जनता के बैठने के लिए भव्य पंडाल तैयार किया है। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए यातायात की सुविधा उपलब्ध कराई गई है और उनके लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और महानिदेशक के एम पांडुरंग ने एयरपोर्ट परिसर, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, आमंत्रित अतिथियों की सुविधा, मीडिया गैलरी और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित नोडल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि यह एयरपोर्ट न केवल हिसार बल्कि आसपास के जिलों के लिए भी एक बड़ी सौगात साबित होगा। बता दें कि एयरपोर्ट से शुरू होने वाली उड़ान सेवाएं वीजीएफ (वायबल गैप फंडिंग) आधारित होंगी, जिससे यात्रियों को ज्यादा किराया नहीं देना पड़ेगा। हिसार से अयोध्या जाने या आने का टाइम 14 घंटे से घटकर 2 घंटे हो जाएगा। वहीं, टैक्सी के 10 हजार के किराए के मुकाबले लोग करीब 3400 रुपये में अयोध्या पहुंच जाएंगे।

### यमुनानगर में 10 आईपीएस, 29 एचपीएस संभालेंगे सुरक्षा

प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। विभिन्न जिलों से 10 एसपी, 29 डीएसपी, 75 इंस्पेक्टर सहित 3000 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि जिले भर में 22 नाके स्थापित किए गए हैं और यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए रूट डायवर्जन लागू किया जाएगा। विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर यातायात पुलिस के जवान भी तैनात रहेंगे। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 15 शिविर लगाए गए हैं। इसके अलावा पीने के पानी और शौचालयों की व्यवस्था की गई है।

---

# मुख्यमंत्री सैनी ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में किसी प्रकार की कमी न रहे और व्यवस्थाएं सुचारू रूप से पूरी की जाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हिसार के महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं का विधिवत से शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में किसी प्रकार की कमी न रहे और समस्त व्यवस्थाएं समय पर और सुचारू रूप से पूरी की जाएं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान एयरपोर्ट टर्मिनल के दूसरे चरण का शिलान्यास होगा। इसी दौरान यहां से अयोध्या को जाने वाली पहली फ्लाइट को रवाना किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा, हांसी के विधायक विनोद भ्याना, नलवा के विधायक रणधीर पनिहार मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके उपरान्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार के लघु सचिवालय में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन भी किया।

### निवेश को उड़ान मिलेगी

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि यह एयरपोर्ट न केवल हिसार बल्कि आस-पास के जिलों के लिए भी एक बड़ी सौगात साबित होगा। हवाई सेवाओं के शुरू होने से क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन और निवेश को नई उड़ान मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा हरियाणा के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



---

# संगठन को मजबूत करेगा इनेलो तीन जोन में बांटा हरियाणा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

पार्टी के संगठन विस्तार को लेकर रविवार को चंडीगढ़ में इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला की अध्यक्षता में अंबाला जोन के नवनियुक्त राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा के अलावा आरएस चौधरी, शेर सिंह बडशामी, एमएस मलिक, अश्विनी दत्ता, अदित्य देवीलाल, सुनैना चौटाला, उमेद लोहान और तनुजा कश्यप उपस्थित रहे। बैठक में सभी पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत और सशक्त बनाने पर राय ली गई। सभी जिला अध्यक्षों को जिलों में पार्टी कार्यालय खोलने और कार्यालय सचिव नियुक्त करने के निर्देश दिए।

### बूथ स्तर पर होगा काम

अभय सिंह चौटाला ने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन के गठन के लिए प्रदेश को, गुरुग्राम, हिसार और अंबाला, तीन जोन में बांटा गया है। गुरुग्राम जोन में गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी, पलवल, मेवात, रोहतक, झज्जर और सोनीपत हैं। गुरुग्राम जोन के लिए राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रकाश भारती, रानिया के विधायक अर्जुन चौटाला और अशोक चौहान को जोन प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### सपने में भी इनेलो नेता अभय चौटाला को हुड्डा नजर आते हैं : जैन

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता पवन जैन ने इनेलो नेता अभय चौटाला पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चौटाला को दिन में सपने आते हैं, सपनों में भूपेंद्र हुड्डा नज़र आते हैं। जैन ने आरोप लगाया कि चौटाला हमेशा ही अनाप शनाप बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। पवन जैन ने कहा कि होना तो यह चाहिए था कि अभय चौटाला भाजपा सरकार के चुनावी वादे पूरे ना करने पर या जनहित की बात करते हुए बयान देते, उसके विपरीत बेबुनियाद बयानबाज़ी कर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

# सप्ताह में कांग्रेस को मिल सकता है विधायक दल का नेता

- सोशल इंजीनियरिंग बैठाने में जुटे हाईकमान के दिग्गज
- विस और निकाय में झटके बाद लगातार हो रहा नेता विपक्ष, पीसीसी चेहरे का इंतजार

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार प्रदेश में कांग्रेस विधायक दल नेता और प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्ति का वक्त नजदीक आ गया है, अब सप्ताहभर में दोनों ही पदों पर चेहरों के नाम तय हो जाना तय है। अहमदाबाद अधिवेशन के बाद से इस पर हाईकमान के फैसले का हरियाणा कांग्रेस के नेताओं को इंतजार है। हाईकमान इन दिनों सोशल इंजी. का फार्मूला भी निकालने पर मंथन कर रही है, अर्थात पीसीसी चीफ अगर जातिगत संतुलन के हिसाब से बनाया गया, तो एक जाट चेहरा, तो दूसरा बीसी अथवा एससी वर्ग से हो सकता है।

प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के होने और अच्छी खासी विधायक संख्या के बाद भी कांग्रेस पार्टी कांग्रेस विधायक दल का नेता तय नहीं कर सकी है। हालांकि प्रदेश में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पीसीसी चीफ उदयभान सिंह सभी का सवालों के जवाब में कहना है कि प्रदेश से हाईकमान को रिपोर्ट जा चुकी है, इसके बाद में अंतिम फैसला कांग्रेस हाईकमान को लेना है।

### ये नाम चर्चा में चल रहे

कांग्रेस पार्टी में जो नाम चर्चा में हैं, उनमें अशोक अरोड़ा का नाम ऊपर है। इसके अलावा दलित कोटे से और वरिष्ठता के आधार पर पूर्व मंत्री गीता भुक्कल का नाम सामने आ रहा है। जाट चेहरों पर पार्टी हाईकमान ने दाव लगाया तो डॉ. रघुबीर कादियान, वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला और दीपेंद्र भी प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं।

### फोड़ रहे हार का ठीकरा

विधानसभा चुनावों और निकाय चुनाव में झटके के बाद में पीसीसी चीफ उदयभान व नेता विपक्ष रह चुके भूपेंद्र सिंह हुड्डा का बदला जाना तय था। खासतौर पर इनका विरोधी धड़ा व उनके समर्थक विधायक हार का ठीकरा दोनों नेताओं पर फोड़ रहे हैं। इतना ही नहीं कांग्रेस में वरिष्ठ नेत्री व सांसद समर्थक पूर्व विधायक शमशेर गोगी तो खुलकर आवाज उठा चुके हैं। कुल मिलाकर अब कांग्रेस पार्टी हाईकमान भी इस मामले को टालने के मूड में नहीं हैं। हाईकमान प्रदेश में नेता विपक्ष और पीसीसी चीफ देकर पार्टी में नई जान डालने की तैयारी में हैं।

### बाबा साहब की जयंती पर प्रधानमंत्री का हो रहा है शुभ आगमन : डॉ अरविंद शर्मा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुभ आगमन हरियाणा में हो रहा है। करोड़ों रुपये की परियोजनाओं के साथ हरियाणा अब विकास की नान स्टॉप रफ्तार भर रहा है। शर्मा आज जिला सोनीपत के गोहाना में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन कर संबोधित कर रहे थे।

### आंबेडकर के दिखाए रास्ते पर चल रही है हरियाणा की सरकार : कृष्णपाल गुर्जर

**चंडीगढ़।** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहेब आंबेडकर के दिखाए रास्ते पर चल रही है। आज हिंदुस्तान में जिस संविधान के तहत चुनाव होते हैं ,सरकारें बनती हैं ,कार्यपालिका, न्यायपालिका जो भी कार्य करती है उस संविधान के निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर हैं। वे आज डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में फरीदाबाद में कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने अंबेडकर की प्रतिमा की सफाई भी की।

### बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर हम सभी के प्रेरणा स्रोत : कृष्ण कुमार बेदी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। भारत रत्न, संविधान निर्माता और दबे-कुचले वर्ग की आवाज बनकर बाबा साहेब ने देश की अखंडता और समरसता का संदेश दिया है। उन्होंने दुनिया के सबसे बेहतरीन संविधान की रचना करके सबको बराबरी का हक दिलवाया। कैबिनेट मंत्री जींद में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए बोल रहे थे।

### खालसा पंथ ने साहस और बलिदान की भावना पैदा की: मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने 13 अप्रैल, 1699 को खालसा पंथ की स्थापना करके लोगों में साहस और बलिदान के साथ जीने की भावना पैदा की। उन्होंने वीरता और वीर भावना को आध्यात्मिक सोच के साथ जोड़कर समाज को एक नई दिशा दी। मुख्यमंत्री वैसाखी के अवसर पर गुरुग्राम के साउथ सिटी-1 स्थित गुरुद्वारा में साध संगत को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारे में मत्था टेका और सभी को इस पावन दिन की बधाई दी।

#### बैसाखी सुंदर त्योहार

सीएम ने कहा कि बैसाखी एक बहुत ही सुंदर त्योहार है, जिसे पूरे उत्तर भारत में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। वैसाखी का त्यौहार अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। खरीफ की फसल पकने की खुशी का प्रतीक होने के कारण यह त्यौहार किसानों के लिए बहुत महत्व रखता है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने अन्याय और अत्याचार से लड़ने के लिए वैसाखी के दिन 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। उस समय देश पर मुगलों का शासन था।

गुरुग्राम में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर बोले मुख्यमंत्री सैनी

# सरकारी कॉलेज में मेडिकल और इंजीनियरिंग के एससी व ओबीसी छात्रों को पूर्ण छात्रवृत्ति मिलेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 से देश के किसी भी सरकारी कॉलेज में मेडिकल व इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अनुसूचित जाति एवं ओबीसी के सभी विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति दी जाएगी, इसके लिए एक पोर्टल बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री गुरुग्राम में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री छगन भुजबल, सांसद उपेंद्र कुशवाह तथा कल्पना सैनी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों को वैसाखी की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ही के दिन महान समाज सुधारक, विचारक, लेखक और दार्शनिक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है। उन्होंने अमृतसर में जलियांवाला बाग में जनरल डायर के आदेश से अंग्रेजी सेना द्वारा गोलियां चलाने पर शहीद होने वाले नागरिकों को भी नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर भारत का पहला लड़कियों का स्कूल पुणे में खोला। उनकी पत्नी भी एक महान समाज सुधारक और भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं।





### फुले ने समाज सुधारों को समर्पित किया जीवन

*मुख्यमंत्री ने महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले जी ने उस समय देश और समाज को जगाने का काम किया था, जब भारत गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ थी। उन्होंने अपना जीवन बाल विवाह को रोकने, विधवा विवाह का समर्थन करने, महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने, छुआछूत को खत्म करने और समाज को सशक्त बनाने में लगा दिया। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, विधवा विवाह, दलित उत्थान और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई।*

### गरीबों का कल्याण हमारा संकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों का कल्याण-उत्थान हमारा संकल्प था, संकल्प है और संकल्प रहेगा। इसलिए विकास का हमारा आधार गरीब का सशक्तिकरण है। लास्ट माइल डिलीवरी पर फोकस ने इन वर्गों का जीवन बदल दिया है। प्रदेश सरकार ने पिछड़े वर्गों के लिए क्रीमीलेयर की आय सीमा 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये वार्षिक की है तथा पिछड़ा वर्ग-बी को पंचायती राज संस्थाओं व शहरी स्थानीय निकायों में आरक्षण दिया है। सैनी ने कहा कि पिछड़े वर्गों के 3 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों के बच्चों की देश में पढ़ाई के लिए 15 लाख रुपये तक तथा विदेश में पढ़ाई के लिए 20 लाख रुपये तक का ऋण 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर दिया जाता है।

### नई तकनीक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में सहायक : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम में आयोजित अखिल भारतीय शल्य-चिकित्सक संघ के 12वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल सभी वर्गों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन न केवल सर्जरी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने का मंच है, बल्कि हरियाणा की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने में भी मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

#### हर परिस्थिति में डटे डॉक्टर

मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टरों को अक्सर धरती का भगवान कहा जाता है और यह उपाधि उनके अथक प्रयासों और समर्पण को देखते हुए पूरी तरह सही है। चाहे महामारी हो, कोई आपातकाल हो या रोजमर्रा की बीमारियां, डॉक्टर हर परिस्थिति में डटे रहते हैं, जीवन बचाने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर न केवल शरीर का इलाज करते हैं, बल्कि कई बार अपने शब्दों और व्यवहार से मरीजों को भावनात्मक संबल भी देते हैं।



रोहतक

सोमवार, 14 अप्रैल 2025

वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 73
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम

अधि. 38.0
न्यून. 17.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती

haribhoomi.com





## आज ये रहेंगे पीएम के कार्यक्रम

- हिसार हवाई अड्डे का उद्घाटन। उत्तर प्रदेश के अयोध्या के लिए एक वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाएंगे। वह हवाई अड्डे पर एक नये टर्मिनल भवन की आधारशिला रखेंगे।
- मोदी यमुनानगर में दीनबंधु छोटू राम ताप ऊर्जा संयंत्र की 800 मेगावाट की एक आधुनिक ताप ऊर्जा इकाई की आधारशिला रखेंगे।
- 'गोबरधन' (गैलवैनाइजिंग आर्गेनिक बायो-एग्रो रिर्सोसेज धन) की दृष्टि को आगे बढ़ाते हुए, यमुनानगर के मुकरबपुर में एक संपीड़ित बायोगैस संयंत्र की आधारशिला भी रखेंगे।
- भारतमाला परियोजना के तहत लगभग 1,070 करोड़ की लागत वाली 14.4 किलोमीटर लंबी रेवाड़ी बाईपास परियोजना का उद्घाटन करेंगे। इससे रेवाड़ी में भीड़भाड़ कम होगी, दिल्ली-नारनौल यात्रा का समय एक घंटे कम हो जाएगा।
- हिसार और यमुनानगर में जनसभाओं को संबोधित भी करेंगे।

# प्रदेश को आज मिलेगा पहला हवाई अड्डा पीएम मोदी दिखाएंगे फ्लाइट को हरी झंडी

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमवार को हिसार दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पीएम मोदी हिसार में बन रहे हरियाणा के पहले हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। वे हिसार से अयोध्या के बीच चलने वाली पहली फ्लाइट को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ ही इंटरनेशनल टर्मिनल की आधारशिला रखेंगे। इसे शंख के आकार में बनाया जा रहा है। हिसार में 7,200 एकड़ जमीन पर एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। इसे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) के विकल्प के तौर पर 3 चरणों में विकसित किया जा रहा है। इसे लेकर हरियाणा सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के बीच मैमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) हुआ है। यहां इंडसट्रियल कॉरिडोर भी बनाया जाएगा। इसके साथ होटल इंडस्ट्री, ट्रांसपोर्ट, आईटी इंडस्ट्री विकसित की जाएंगी। इससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। बड़े पैमाने पर रोजगार विकसित होंगे।प्रदेश सरकार का दावा है कि इस प्रोजेक्ट से प्रदेश में एक लाख से ज्यादा नौकरियां आएंगी।

**महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं का शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री**

**शंखनुमा टर्मिनल की आधारशिला भी रखेंगे**

**कार से सस्ता होगा प्लेन का किराया, एक लाख को मिलेगी नौकरी**

**7,200 से एकड़ जमीन पर किया जा रहा है निर्माण**

### अयोध्या आना जाना आसान



हिसार से अयोध्या जाने या आने का टाइम 14 घंटे से घटकर 2 घंटे हो जाएगा। वहीं, टैक्सी के 10 रुपये के किराए के मुकाबले लोग करीब 3400 रुपये में अयोध्या पहुंच जाएंगे। हिसार से अयोध्या के लिए फ्लाइट का समय सुबह 10.40 बजे का है। हालांकि, कल ये फ्लाइट आधे घंटे पहले सुबह 10.10 बजे रवाना होगी। यात्रियों को एयरलाइन कंपनी की तरफ से मैसेज भेजकर इसकी सूचना दी गई है।

### सीएम सैनी व मुख्य सचिव रस्तोगी ने लिया जायजा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और एसपीजी के आईजी लव कुमार ने सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग सहित आला अधिकारियों के साथ रैली स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अंतिम रूप दिया। रस्तोगी ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान एयरपोर्ट टर्मिनल का शिलान्यास होगा वही अयोध्या को जाने वाली फ्लाइट को रवाना किया जाएगा। प्रधानमंत्री एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

### पीएम का दौरा विकास के नए अध्याय की शुरुआत करेगा : सैनी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 14 अप्रैल को राज्य का दौरा राज्य के लिए विकास के एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा। मोदी सोमवार को हरियाणा में रहेंगे और भीम राव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर कई विकास पहलों का शुभारंभ करेंगे।



सैनी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से प्रगति कर रहा है। एक बयान के अनुसार, उन्होंने कहा, हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना है कि विकास की रोशनी हर नागरिक तक पहुंचे और हमारा देश आत्मनिर्भरता के पथ पर आगे बढ़ता रहे।

# जींद में दो कार टकराई, 3 दोस्तों की मौत, 3 गंभीर

**घायल दोस्त की बहन से मिलकर लौट रहे थे सभी** | **कार में 6 लोग सवार थे, 3 ने मौके पर दम तोड़ा** | **टक्कर से 20 फुट तक उछली कार पेड़ से टकराई**



**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** गांव दुर्जनपुर के पास रविवार को उचाना-उकलाना मार्ग पर स्विफ्ट और डिजायर कार के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में स्विफ्ट कार करीब 20 फीट तक उछलकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। इस भीषण हादसे में कार में सवार 6 दोस्तों में से 3 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। उचाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि कार सवार घायल दीपक की बहन गांव काकडौद में विवाहित है और सभी उसके पास गए हुए थे।

### इनकी जान गई

स्विफ्ट कार सवार मृतकों की पहचान गांव घिमाना निवासी गोली (34), गांव बहबलपुर निवासी साहिल (32), गांव ईगराह निवासी विशाल (28) के रूप में हुई

### ये घायल

घायलों में घिमाना का गोगी, बहबलपुर का मनोज और गांव पोंकरखेड़ी निवासी दीपक शामिल हैं। घायलों को नागरिक अस्पताल उचाना में भर्ती कराया गया है।

### यह बोले थाना प्रभारी

उचाना थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि स्वीफ्ट कार सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पिछली सीट पर बैठे तीनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल नरवाना के शव गृह में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आतंकी राणा की आवाज के सैंपल लेगी एनआईए

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई हमले के मास्टमाइंड आतंकी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को तीसरे दिन भी पूछताछ की। अब राणा की आवाज सैंपल लिए जा सकते हैं। जांच एजेंसी पता लगाएगी कि क्या तहव्वुर नवंबर 2008 के हमलों के दौरान फोन पर निर्देश दे रहा था। वॉयस सैंपल लेने के लिए तहव्वुर की सहमति जरूरी होगी। मना करने पर एनआईए कोर्ट जा सकती है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को एनआईए की पूछताछ में एक 'कर्मचारी बी' का नाम आया है, इसने राणा के कहने पर हेडली के लिए ऑपरेशन और लॉजिस्टिक में मदद की थी। अब एनआईए राणा और 'कर्मचारी बी' को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करने की तैयारी में भी है। एजेंसी के मुताबिक



हेडली की मदद करने वाले कर्मचारी बी के सामने बैठा पूछताछ

**सैंपल के लिए राणा की सहमति जरूरी होगी**

'कर्मचारी बी' को आतंकी साजिश की जानकारी नहीं थी। वह सिर्फ राणा के निर्देश पर हेडली के लिए रिसेप्शन, ट्रांसपोर्ट, ठहरने की जगह और ऑफिस की व्यवस्था करता था। डेविड हेडली मुंबई हमले का मास्टरमाइंड था। 10 अप्रैल को तहव्वुर को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया था। इसके बाद उसे 18 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा गया है। कस्टडी के दौरान एनआईए रोजाना राणा से पूछताछ की एक डायरी तैयार कर रही है।

# आंध्र प्रदेश के पटाखा कारखाने में आग से आठ लोगों की मौत

**विशाखापत्तनम (भाषा)।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में रविवार को एक पटाखा कारखाने में विस्फोट होने से दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह घटना दोपहर करीब 12:45 बजे कोटावुराटला गांव में हुई। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दुर्घटना में लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।' मोदी ने कहा, 'प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।' मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर दुख व्यक्त किया। नायडू ने घटना की जांच के आदेश भी दिए। राज्य सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिवार को 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।


सत्यमेव जयते
भारत सरकार

भारत रत्न डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
की 135वीं जयंती पर बाबासाहेब को राष्ट्र श्रद्धा सुमन अर्पित करता है

डॉ. अम्बेडकर के समावेशी भारत के सपने को मोदी सरकार कर रही साकार

अवसर
- ₹44700 करोड़ से अधिक की छात्रवृत्ति से लगभग 8.4 करोड़ एससी/एसटी छात्रों को सहायता
- पीएम मुद्रा योजना के तहत एससी/एसटी लाभार्थियों को ₹4.6 लाख करोड़ से अधिक का ऋण

श्रद्धांजलि
- बाबासाहेब की विरासत को सम्मान देने के लिए पांच पवित्र स्थलों पर पंचतीर्थ का विकास:

जन्मभूमि (महू, मध्य प्रदेश)
शिक्षा भूमि (लंदन)
दीक्षा भूमि (नागपुर)
महापरिनिर्वाण भूमि (दिल्ली)
चैत्य भूमि (मुंबई)

सम्मान
- पीएम आवास योजना के तहत, एससी/एसटी लाभार्थियों के लिए बनाए गए लगभग 1.5 करोड़ पक्के घर
- 3.4 करोड़ शौचालयों के निर्माण से स्वच्छता और सम्मान सुनिश्चित
- उज्ज्वला योजना के तहत स्वच्छ रसोई गैस से 3 करोड़ से अधिक परिवार सशक्त
- जल जीवन मिशन के तहत 3 करोड़ से अधिक पेयजल कनेक्शन
- आयुष्मान भारत के तहत प्रति वर्ष ₹5 लाख तक का मुफ्त इलाज
- एससी/एसटी पर अत्याचार रोकने के लिए हेल्पलाइन 14566



cbc 38101/13/0002/2526

पुष्पांजलि कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं
दिनांक: 14 अप्रैल 2025 | समय: सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक
स्थान: प्रेरणा स्थल, संसद भवन परिसर
प्रवेश द्वार: पी.एल.बी. गेट, पंडित पंत मार्ग

# चार फुटवियर फैक्ट्रियों में आग लगी

## ■ बहादुरगढ़ के एचएसआईआईडीसी सेक्टर-17 में तैयार व कच्चा माल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रविवार की शाम को एचएसआईआईडीसी सेक्टर-17 में आग लगने की बड़ी घटना हो गई। यहां एक साथ चार फुटवियर फैक्ट्रियों के पांच भवनों में भीषण आग लग गई। आग से काफी कच्चा व तैयार माल जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की कई गाड़ियों के सहारे आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए। देर शाम तक आग पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका। बहादुरगढ़ के अलावा अन्य स्टेशन की गई दमकल गाड़ियां मौके पर हैं। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। असल पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी। लेकिन फैक्ट्री मालिकों को काफी नुकसान हुआ है। प्लॉट नंबर 155-156 बालाजी इंटरप्राइजेज, प्लॉट नंबर नंबर 157 जेडीए फुटवियर, 158 लॉर्ड कृष्णा उद्योग, 159 निखिल इंडस्ट्रीज आदि में आग लगी है। चारों कंपनियां एक साथ सटी हुई हैं। बताते हैं कि शाम करीब पौने पांच बजे सबसे पहले प्लॉट नंबर 158 में आग लगी। देखते ही देखते आग फैलने लगी।

■ दमकल विभाग के कर्मचारी आग बुझाने में जुटे

■ बहादुरगढ़ के अलावा अन्य स्टेशन की गई दमकल गाड़ियां मौके पर

■ शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

हालांकि कर्मचारियों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग ने भीषण रूप ले ले लिया और साथ लगती तीन फैक्ट्रियां भी चपेट में आ गई। सूचना पाकर दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची लेकिन आग पूरी तरह से भड़क चुकी थी। दमकल कर्मियों ने आग बुझानी शुरू की।



बहादुरगढ़। आग बुझाने के लिए गिराई गई दीवार।



बहादुरगढ़। आग बुझाने का प्रयास करती दमकल विभाग की टीम।

### छुट्टी के कारण कर्मचारी नहीं थे, आसमान धुआं-धुआं

आग बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। एक फैक्ट्री की दीवार गिराकर रास्ता बनाना पड़ा। फैक्ट्रियों में रखा कुछ माल बाहर निकाला गया। लेकिन काफी कच्चा व तैयार माल जलकर राख हो गया। मशीनों और भवन को भी नुकसान पहुंचा है। गनीमत रही कि छुट्टी के चलते काम बंद था। आग की सूचना पाकर एसीपी दिनेश कुमार, आसौदा थाना प्रभारी और उद्यमी संस्थाओं के पदाधिकारी मौके पहुंचे। देर शाम तक आग पूरी तरह से भड़की हुई थी। दूर तक आसमान में काला धुआं फैला हुआ था। बहादुरगढ़ की दमकल गाड़ियां कम पड़ी तो दूसरे शहरों से गाड़ियां बुलाई गई। आग लगने से फैक्ट्री मालिकों को मोटा नुकसान हुआ है।

# जींद जेल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे अरविंद शर्मा, जेल अधीक्षक मिले नदारद, मांगा स्पष्टीकरण

## ■ जेल मंत्री ने कैदी के फरार होने पर ली जानकारी, बोले- कार्रवाई करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जेल मंत्री डा. अरविंद शर्मा तथा डीजीपी जेल मोहम्मद अकील रविवार को जिला कारागार पहुंचे और अंदर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कैदी के दीवार फांदने वाली जगह का अवलोकन करने साथ जेल अधिकारियों से भी विस्तृत बातचीत भी की। उन्होंने फरार कैदी मामले की जानकारी लेते हुए कहा कि इस मामले में जांच चल रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा। उसके खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस औचक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए जेल अधीक्षक का जेल मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने स्पष्टीकरण मांगा है।

■ आठ अप्रैल को सीढ़ी से दीवार फांद फरार हुआ था कैदी

रविवार को नारनौंद में सफीदों विधायक रामकुमार गौतम के चचेरे भाई एडवोकेट देवेन्द्र गौतम के निधन पर शोक व्यक्त कर गोहाना लौट रहे जेल मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने जिला जेल, का औचक निरीक्षण किया। जेल में पहुंचे जेल मंत्री ने अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर जानकारी ली। उन्होंने बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए जेल अधीक्षक से जवाब मांगा है।



जींद। जेल में दस्तावेजों की जांच करते जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

### पंजाब निवासी राकेश पर 21 संगीन मामले दर्ज

गौरतलब है कि गत आठ अप्रैल देर शाम को जिला जेल से कैदी गांव बनारसी जिला संगरूर पंजाब निवासी राकेश सीढ़ी से दिवार फांद कर फरार हो गया था। पुलिस ने राकेश को जून 2022 मे मुठभेड़ के बाद काबू किया था। जबकि उसे सजा पंजाब के पुराने चोरी के मामले में जुर्माना न भरने पर हुई थी। राकेश पर हत्या, लूटपाट, जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के 21 अपराधिक मामले दर्ज थे। जेल कर्मियों ने राकेश को मास्क लाइट खराब होने पर ठीक करने के लिए लगाया था। राकेश बैरक से सीढ़ी निकाल दीवार फांद कर फरार हो गया था। कैदी के फरार होने पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर दो जेलकर्मियों को सस्पेंड भी किया जा चुका है। जिसकी जांच सिविल लाइन थाना पुलिस कर रही है।

# घर में कर रखी थी अफीम की खेती, 143 पौधे बरामद

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने गांव पिलछिया में एक घर में छापेमारी कर अफीम की खेती पकड़ी है। पुलिस ने मौके से 143 अफीम के पौधे बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को रविवार को माननीय अदालत में पेश किया गया। थाना सदर रतिया प्रभारी एसआई राजबीर सिंह ने बताया कि एएनसी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई मेजर सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब अलीका से पिलछियां रोड पर घग्घर पुल पर पहुंची तो उसे सूचना मिली कि जगतार सिंह पुत्र जगसीर सिंह निवासी पिलछियां ने अपने मकान के आंगन में अफीम के पौधे लगाए हुए हैं।

पुलिस कर्मचारियों ने गाड़ी से उतरकर उक्त व्यक्ति को काबू किया तो उसने अपना नाम जगतार सिंह बताया। इसके बाद पुलिस ने डीएसपी नर सिंह को सूचना दी। सूचना मिलते ही डीएसपी नर सिंह मौके पर पहुंचे और उनकी मौजूदगी में पुलिस ने जब मकान की तलाशी ली तो मकान के आंगन के एक कोने में अफीम के पौधे लगे हुए थे। पुलिस ने मौके से कुल 143 पौधे बरामद किए जिनका वजन 4 किलो 546 ग्राम था। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाना सदर रतिया में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।



■ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार किया

## कैंटर व ट्रक की भिड़ंत में एक युवक की मौत

**कैथल।** पूंडरी में एक कैंटर व ट्रक की टक्कर में 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वह अपने कैंटर में चौकर भरकर राजस्थान से यूपी जा रहा था। पूंडरी थाना में दी गई शिकायत में गुज्जरपुर टपराना जिला शामली यूपी निवासी मुस्तकीम ने पूंडरी थाना में दी शिकायत में बताया कि वह ट्रक चालक के हेल्पर का काम करता है। 11 अप्रैल की रात को वह अपने मालिक के लड़के आलिम अली व ड्राइवर मोहम्मद जावेद के साथ राजस्थान के हनुमानगढ से चौकर (टूटे हुए चावल) भरकर मुजफ्फरनगर के लिए चले थे। रास्ते में ट्रक से टक्कर हो गई जिसमें आलिम अली की मौत हो गई। जबकि चालक मोहम्मद जावेद हादेस के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एटीएम बदलकर खाते से एक लाख निकाले

**यमुनानगर।** एटीएम से पैसे निकालने गई एमए की छात्रा का एटीएम बदलकर एक युवक ने उसके खाते से एक लाख रुपये निकाल लिए। जानकारी के मुताबिक पुलिस लाइन जगाधरी निवासी उपनिरीक्षक जसविंद्र सिंह जो इन दिनों एसीजेएम कोर्ट में तैनात हैं। गत शनिवार शाम को उनकी बेटी नवदीप कौर पैसे निकालने एटीएम पर गई थी तो वहां एक युवक पहले से खड़ा था। इस दौरान नवदीप ने काफी प्रयास किया मगर एटीएम से पैसे नहीं निकले। इसी दौरान वहां खड़े युवक ने उसकी सहायता करने का भरोसा दिलाकर उससे एटीएम ले लिया। मगर नवदीप ने आरोपी को पैसे निकालने के लिए मना कर दिया। इस दौरान आरोपी झांसा देकर एटीएम बदल लिया और बाद में खाते से एक लाख निकाल लिए।

# गन पॉइंट पर मेडिकल स्टोर लूटने के पांच आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** पालम विहार क्राइम ब्रांच ने हथियार के बल पर मेडिकल स्टोर में लूट करने मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चार आरोपियों को अदालत में पेश करके तीन दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया। पुलिस हिरासत रिमांड के दौरान आरोपियों से दो पिस्टल, वारदात में प्रयोग किए गए हेलमेट और 1.10 लाख रुपये बरामद किए हैं।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशुतोष निवासी हरिवंशपुर, गोंडा (उत्तर प्रदेश), मनीष निवासी कोहरड (रेवाड़ी), अजय व अजय पाल निवासी बधपुरा, इटावा (उत्तर प्रदेश) और ह थियार उपलब्ध कराने वाले आरोपी कृष्ण निवासी पूरा रेवाड़ी, इटावा (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी आशुतोष, मनीष, अजय व आशीष पाल को नौ अप्रैल को बसई चौक के पास से गिफ्तार किया। वहीं, आरोपी कृष्ण को बीते शनिवार को इटावा (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार किया। आरोपी आशुतोष, मनीष, अजय व आशीष पाल को अदातल में पेश करके तीन दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया। पुलिस हिरासत रिमांड के दौरान आरोपियों से दो पिस्टल, वारदात में प्रयोग किए गए हेलमेट और 1.10 लाख रुपये बरामद किए। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी कृष्ण ने लूट की वारदात को अंजाम देने में प्रयोग किए गए हथियार उक्त चारों आरोपियों को उपलब्ध कराए थे। आरोपी रात के समय दुकान के बाहर खड़े होकर रैकी करते थे और दुकान बंद होने से कुछ समय पहले दुकान में जाकर लूट की वारदात को अंजाम देते हैं क्योंकि उस समय दुकान में नकदी सबसे ज्यादा होती है।



रोहतक
सोमवार, 14 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 73
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 38.0
न्यून. 17.3

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com






## आईपीएल में आज



लखनऊ सुपर
V/S
चेन्नई सुपर
- : समय :-
7.30 PM
- : स्थान :-
लखनऊ

## खबर संक्षेप

### भारत में अब तक 38% गेहूं की कटाई पूरी

**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में अब तक 38 प्रतिशत गेहूं की कटाई हो चुकी है। चालू विपणन सत्र 2025-26 में गेहूं कि कुल रकबा 3.2 करोड़ हेक्टेयर होने का अनुमान है और 38% फसल की कटाई हो चुकी है। चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रबी फसलों की अच्छी पैदावार की संभावना को देखते हुए बेहतर खरीद की व्यवस्था करें। यूपी, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व बिहार प्रमुख उत्पादक राज्य हैं। भाषा

### अमेरिका में छह लोगों को ले जा रहा विमान क्रैश

**कोपेक।** न्यूयॉर्क में दो इंजान वाला एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर कीचड़ भरे मैदान में गिर गया और इस हादसे में सभी छह यात्रियों की मौत की आशंका जताई जा रही है। 'मित्सुबिशी एमयू-2बी' विमान छह लोगों को लेकर हडसन के पास कोलंबिया काउंटी हवाई अड्डे की ओर जा रहा था लेकिन यह हवाई अड्डे से करीब 48 किलोमीटर दूर कोपेक के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना से परिचित एक अधिकारी के अनुसार, विमान में सवार सभी छह लोगों की मौत की आशंका है। भाषा

# वक्फ कानून पर बंगाल में नहीं थमी हिंसा धुलियान से 500 लोगों ने किया पलायन

नाव से नदी पार कर मालदा के स्कूल में शरण ले रहे हिंदू | आरोप : हमारे घर जलाए पानी में जहर भी मिलाया | गाड़ियां जलाईं, घरों में तोड़फोड़ व लूटपाट की | 1600 जवान तैनात किए प्रभावित क्षेत्रों में नेट बंद

भाषा ▸▸| कोलकाता

वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को लगातार तीसरे दिन भी मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना, हुगली, धुलीयान और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। कई जगह गाड़ियां जलाईं, दुकानों-घरों में तोड़फोड़ कर लूट भी की गई। हिंसा झड़पों में यहां अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 15 पुलिसकर्मी घायल हैं। 150 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। हिंसाग्रस्त मुर्शिदाबाद के धुलियान से करीब 500 लोग पलायन कर गए हैं। इन सभी ने नाव से भागीरथी नदी पार कर मालदा के वैष्णवनगर में एक स्कूल में शरण ली है। इन लोगों का आरोप है कि उनके घरों में तोड़फोड़-आगजनी की गई। पीने के पानी में जहर मिला दिया गया है। ये किसी तरह बीएसएफ की मदद से वहां से बचकर आए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय प्रशासन ने दंगा प्रभावित परिवारों के लिए आश्रय और भोजन की व्यवस्था की है तथा उन्हें स्कूलों में शरण दी है।

### 3 दिन से हिंसा जारी, अब तक 3 की मौत, 15 पुलिसकर्मी घायल, 150 गिरफ्तार



#### नदी के तट पर स्वयंसेवक तैनात

मुर्शिदाबाद से नावों से आने वालों की सहायता के लिए नदी तट पर स्वयंसेवकों को तैनात किया है। मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद के सुती, धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज समेत कई इलाकों में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन हुए, जो सांप्रदायिक हिंसा में बदल गए। इसके कारण प्रभावित लोगों का पलायन शुरू हो गया। मीडिया में आई तस्वीरों में मुर्शिदाबाद के इन इलाकों में दुकानें, होटल और घर जलते हुए दिखाई दे रहे हैं।

#### यह बोले पीड़ित

परिवार के चार अन्य सदस्यों के साथ मुर्शिदाबाद से पलायन करने वाली एक युवती ने बताया, 'हम धुलियान के मंदिरपाड़ा इलाके से इसलिए भागे, क्योंकि हमारे घरों में आग लगा दी गई थी। महिलाओं और लड़कियों के साथ बाहरी लोगों तथा कुछ स्थानीय लोगों के एक समूह ने छेड़छाड़ की थी।' 'उन्होंने बम फेंके, हमें वक्फ (संशोधन) अधिनियम के लिए दोषी ठहराया और हमें तुरंत अपने घर छोड़ने के लिए कहा। उन्होंने हमारे घर के पुरुषों को पीटा। हम अपनी जान को लेकर डरे हुए थे और केंद्रीय बलों की मदद से अपने घरों से भागे।

#### यह बोली टीएमसी विधायक

वैष्णवनगर से तृणमूल कांग्रेस की विधायक चंदना सरकार ने बताया कि मुर्शिदाबाद से नावों में आने वालों की सहायता के लिए नदी किनारे 20 युवकों को तैनात किया गया है। विधायक ने बताया कि उन्हें स्कूलों में आश्रय दिया गया है और उनके लिए व्यवस्था की गई है।

#### 10 अप्रैल से प्रदर्शन

पश्चिम बंगाल में 10 अप्रैल से हिंसा जारी है। केंद्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं। इनमें 300 बीएसएफ जवान हैं। कुल 21 कंपनियां तैनात की गई हैं। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बैन है। बीएनएस की धारा 163 भी लागू है।

#### उलेमा-ए-हिंद ने की बैठक

नए वक्फ कानून को लेकर दिल्ली में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति ने एक बैठक की। इस बैठक में कई फैसले लिए गए हैं और नए कानून की निंदा की गई।

#### यह बौले ओवैसी

एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा-वक्फ कानून असंवैधानिक है। भाजपा वक्फ बोर्ड पर कब्जा करना चाहती है। वक्फ कानून से किसी की भलाई नहीं होगी।

#### मणिपुर कांग्रेस जाएगी सुप्रीम कोर्ट

इंफाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओकराम इबोबी सिंह ने रविवार को कहा कि पार्टी की मणिपुर इकाई वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करेगी। सिंह ने दावा किया कि यह अधिनियम संविधान का उल्लंघन है। 'हम इस कानून का पूरी तरह से विरोध करते हैं। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, लेकिन मौजूदा राजग सरकार मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों पर हमला कर रही है।

**टीवीके ने दायर की याचिका :** अभिनेता एवं तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) पार्टी के अध्यक्ष विजय ने वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है और कहा है कि यह कानून संविधान के विरुद्ध है। शीर्ष कोर्ट में अब तक 13 याचिकाएं दर्ज हो चुकी हैं।

## ट्रंप का विदेशियों को अल्टीमेटम

# यूएस में 30 दिन से ज्यादा रहना है तो रजिस्ट्रेशन करवाएं

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार ने अब एक नई चेतावनी जारी की है। इसके अनुसार गृह सुरक्षा विभाग (होम लैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट) ने वहां रहने वाले विदेशी नागरिकों को अल्टीमेटम दिया है। डिपार्टमेंट ने 30 दिनों से ज्यादा समय से अमेरिका में रह रहे विदेशी नागरिकों को सरकार के पास रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कहा है। अगर इन लोगों ने ऐसा नहीं किया तो उनको जुर्माना और जेल दोनों हो सकती है। डिपार्टमेंट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम को टैग करते हुए एक्स पर लिखा-अमेरिका में 30 दिनों से ज्यादा समय तक रहने वाले विदेशी नागरिकों को फेडरल सरकार के पास रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसका पालन न करना एक अपराध है, जिसके लिए जुर्माना और जेल दोनों हो सकते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प का अवैध विदेशियों के लिए साफ मैसेज है-तुरंत निकल जाओ और सेल्फ डिपोर्ट करो।



नहीं तो जुर्माना और जेल दोनों सजा मिलेंगी
●
ट्रंप का अवैध विदेशियों के लिए साफ संदेश, तुरंत निकलें और सेल्फ डिपोर्ट करें

#### यह दिए निर्देश

होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट ने 'अवैध विदेशियों को संदेश' हेडलाइन से एक पोस्ट में अधिकारियों की मंजूरी के बिना रह रहे विदेशी नागरिकों से खुद को सेल्फ डिपोर्ट करने के लिए कहा है। इसमें ऐसा करने से होने वाले फायदों की लिस्ट भी दी गई है। पोस्ट में कहा गया है, सेल्फ डिपोर्ट सुरक्षित है। अपनी सुविधा के मुताबिक फ्लाइट चुनकर निकलें। अगर आप गैर-आपराधिक अवैध विदेशी के तौर पर सेल्फ डिपोर्ट कर रहे हैं, तो अमेरिका में कमाए धन को अपने पास रखें। सेल्फ डिपोर्ट से भविष्य में वैध तरीके से अमेरिका आने के लिए मौके खुले रहेंगे। अगर किसी इंसान के पास इतना भी पैसा नहीं है कि वो खुद को सेल्फ डिपोर्ट कर सके तो वह सब्सिडी वाली फ्लाइट इस्तेमाल कर सकता है।

## दत्तक पुत्र संबंधी दावा खारिज

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह मंशा बेटियों का हक मारने की



बेटियों को उनका हक मिलना ही चाहिए

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने संपत्ति विवाद के मामले में एक व्यक्ति के दत्तक पुत्र संबंधी दस्तावेज को खारिज करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि यह बेटियों को उनके पिता की संपत्ति पाने के अधिकार से वंचित करने का सोचा-समझा कदम है। कोर्ट ने कहा कि दस्तावेज में यह अनिवार्य शर्त भी अनुपस्थित है कि बच्चा गोद लेने वाले व्यक्ति को पत्नी की सहमति लेनी होगी। शिव कुमारी देवी और हरमुनिया उत्तर प्रदेश के निवासी भुनेश्वर सिंह की बेटियां हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। याचिकाकर्ता अशोक कुमार ने दावा किया था कि सिंह ने उन्हें उनके जैविक पिता सूबेदार सिंह से गोद लिया था। कुमार ने भुनेश्वर की विरासत पर दावा किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत व न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, नौ अगस्त, 1967 की तारीख वाला दत्तक पुत्र ग्रहण संबंधी दस्तावेज शिव कुमारी और उनकी बड़ी बहन हरमुनिया को उनके पिता की संपत्ति में कानूनी रूप से निहित अधिकार से वंचित करने के लिए सोची-समझी चाल है।



# बॉलीवुड अभिनेता मनोज कुमार के बेटों ने पिहोवा में किया पिंडदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

बॉलीवुड अभिनेता मनोज कुमार के बेटों ने कुरुक्षेत्र के पिहोवा में सरस्वती तीर्थ पर पहुंचकर पिता की आत्मिक शांति के लिए पिंडदान किया। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे उनके बेटे कुणाल और विशाल सरस्वती तीर्थ पर पहुंचे। यहां उन्होंने पिता के निमित्त विधिपूर्वक पिंडदान किया और पूजा-अर्चना की। इसके बाद भगवान कार्तिकेय के मंदिर पहुंचे, जहां कार्तिकेयजी को तेल अर्पित किया। परिवार ने पुरोहित के पास अपनी वंशावली भी देखी। कुणाल ने बताया कि पुराने टाइम से पिहोवा आने की परंपरा है। उन्होंने हरिद्वार में अपने पिता मनोज कुमार की अस्थियों का विसर्जन किया था।

#### पाक में गुजरांवाला से संबंध रखता परिवार

तीर्थ पुरोहित मुकुट बिहारी ने बताया कि मनोज कुमार का परिवार पाकिस्तान के गुजरांवाला जिले से संबंध रखता है। कुणाल के बेटे करम और चाचा विनय गोस्वामी साथ थे। 4 अप्रैल को मनोज कुमार का 87 साल की आयु में निधन हो गया था।

## रूस ने यूक्रेन पर दागी मिसाइल

# सूमी शहर में 30 से अधिक लोगों की मौत, 84 घायल

**कीव (भाषा)।** यूक्रेन के सूमी शहर में रविवार को रूस के मिसाइल हमले में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार बैलिस्टिक मिसाइल से यह हमला रविवार पूर्वाह्न लगभग सवा 10 बजे उस समय हुआ जब लोग 'पाम संडे' मनाने के लिए एकत्र हुए थे। आधिकारिक चैनलों पर घटनास्थल की पोस्ट की गई तस्वीरों में शव सड़क किनारे काले रंग के बैग में रखे हुए दिख रहे हैं, जबकि और शव मलबे के बीच कम्बलों में लिपटे हुए दिखायी दे रहे हैं। वीडियो फुटेज में अग्निशमन दल क्षतिग्रस्त इमारतों के मलबे के बीच कारों में लगी आग बुझाने का प्रयास करते हुए भी दिख रहे हैं। महापौर अर्टेम कोबजर ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा, "पाम संडे के अवसर पर हमारे लोगों को भयावह त्रासदी का सामना करना पड़ा। दुर्भाग्य से हमें 20 से अधिक लोगों की मौत होने की पहले ही जानकारी मिल गई है। यूक्रेन की 'स्टेट इमरजेंसी सर्विस' ने एक बयान में कहा कि हमले में कम से कम 32 लोग मारे गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। बयान में कहा गया कि 10 बच्चों समेत 84 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि दो मिसाइल हमलों में कई लोग मारे गए हैं और राहत प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा, "प्रारंभिक सूचना के अनुसार कई लोग मारे गए और घायल हुए हैं। सूमी पर यह हमला एक सप्ताह के भीतर दूसरा बड़े पैमाने का हमला है।

■ सड़क पर बिखरे शव, लगातार दूसरे दिन भी हमले जारी रहे




## सुझाव | संसद समिति ने की सिफारिश, योजना को नया रूप देने पर जोर

*फिलहाल 100 दिन मिलता है काम, 200-300 रुपये मजदूरी समिति ने योजना में नीतिगत सुधार लागू करने को भी कहा*

# मनरेगा के तहत रोजाना 400 रुपये और 150 दिन का काम दिया जाए

**नई दिल्ली (भाषा)।** संसद की एक स्थायी समिति ने मनरेगा के तहत प्रदान किए जाने वाले काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 150 दिन करने समेत श्रमिकों के दैनिक पारिश्रमिक को कम से कम 400 रुपये निर्धारित करने की सिफारिश की है। समिति ने सुझाव दिया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) से जुड़ी योजना की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। समिति ने उभरती चुनौतियों के मद्देनजर योजना को नया रूप देने पर भी जोर दिया है। हाल ही में संपन्न बजट सत्र के अंतिम सप्ताह के दौरान संसद में पेश की गई एक रिपोर्ट में ग्रामीण विकास और पंचायती राज पर संसद की स्थायी समिति ने ये सिफारिश की हैं। अभी योजना के तहत 200 से 300 रुपये मजदूरी और 100 दिन का काम मिलता है।

#### आवंटित राशि में ठहराव पर चिंता



समिति ने प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना के लिए आवंटित राशि में ठहराव पर चिंता व्यक्त करते हुए सामाजिक लेखापरीक्षा पर भी जोर दिया है, ताकि योजना के उचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया जा सके। कांग्रेस सांसद सप्तगिरि शंकर उलाका की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा, 'समिति का मानना है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय सर्वेक्षण आयोजित किया जाना चाहिए।'

#### योजना में सुधार हो

सर्वेक्षण में श्रमिकों की संतुष्टि, वेतन में देरी, भागीदारी के रुझान और योजना के भीतर वित्तीय अनियमितताओं पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। 'समिति ने मनरेगा से जुड़े कार्यक्रम की कमियों के बारे में मूल्यवान जानकारी प्राप्त करने और मनरेगा की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए आवश्यक नीतिगत सुधारों को लागू करने के लिए देश भर में स्वतंत्र और पारदर्शी सर्वेक्षण की सिफारिश की है।' समिति ने योजना में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि वर्तमान में 100 दिनों का रोजगार प्रदान करने का प्रावधान है, लेकिन विभिन्न क्षेत्रों से दिनों की संख्या बढ़ाने की मांग की जा रही है।




# राठी से पंत तक... अब तक सात खिलाड़ियों पर लग चुका है भारी जुर्माना

एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के 18वां सीजन में अब तक 7 खिलाड़ियों पर जुर्माना लग चुका है। कुछ खिलाड़ियों पर उनके व्यवहार के कारण जुर्माना लगा है। कुछ कप्तानों की जेब स्लो ओवर रेट के कारण कटी है। आईपीएल 2025 में जिन खिलाड़ियों की जेब कटी है उनमें ऋषभ पंत और इशांत शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं। इसके अलावा दिग्वेश राठी की जेब विकेट लेने के बाद सेलीब्रेशन के लिए कट चुकी है।

### संजू सैमसन

आईपीएल 2025 के मैच नंबर 23 के दौरान गुजरात टाइटंस के खिलाफ ओवर रेट नियम का उल्लंघन करने के लिए राजस्थान रॉयल्स पर फिर गाज गिरी। इसके कारण कप्तान संजू सैमसन पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया, जबकि बाकी टीम पर 6 लाख रुपए (या उनकी मैच फीस का 25%) का जुर्माना लगाया गया।

### ऋषभ पंत

लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत को भी मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना भुगतना पड़ा। इस तरह पहली बार उल्लंघन करने पर उन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

### दिग्वेश राठी : मैच नंबर 13,16 और 19



लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए इस सीजन डेब्यू करने वाले 25 वर्षीय खिलाड़ी ने बल्लेबाज को आउट करने के बाद अपने 'नोटबुक सेलिब्रेशन' किया है। राठी को इसके लिए तीन बार फाइन किया जा चुका है। एक अप्रैल को प्रियांश आर्य को आउट करने के बाद नोटबुक सेलिब्रेशन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। एक डिमेरिट अंक मिला। इसके बाद मुंबई इंडियंस के नमन धीर को आउट करने के बाद नोटबुक सेलिब्रेशन के लिए पर 50 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया। अपने आदर्श सुनील नरेन का विकेट लेने के बाद राठी को 3 डिमेरिट अंक मिला। अब उन पर एक मैच का निलंबन लगने की संभावना है।

### रियान पराग

संजू सैमसन के कप्तानी के लिए उपलब्ध न होने पर रियान पराग ने पहले तीन मैचों में राजस्थान रॉयल्स टीम का नेतृत्व किया। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का बचाव करते हुए टीम निर्धारित समय के भीतर ओवर पूरे करने में विफल रही। पराग पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह टीम की पहली गलती थी।

### हार्दिक पांड्या

*मुंबई इंडियंस ने 29 मार्च को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ स्लो ओवर रेट से गेंदबाजी की। मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।*

### रजत पाटीदार

*सात अप्रैल को मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के बीच हुए हाई-वोल्टेज मुकाबले के दौरान रजत पाटीदार की टीम पर पहली बार स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया।*

### इशांत शर्मा

*आईपीएल के 18वें संस्करण में गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे इस अनुभवी खिलाड़ी पर मैच नंबर 20 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.2 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया।*

तीरंदाजी विश्व कप

## भारत की पुरुष टीम ने चरण एक में रजत पदक कब्जाया

**ऑबर्नडेल (भाषा)।** धीरज बोम्मादेवरा, तरुणदीप राय और अतनु दास की टीम रविवार को यहां फाइनल में चीन से 1-5 से हार गई जिससे भारत को तीरंदाजी विश्व कप चरण एक की पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

यह भारत का सत्र के पहले टूर्नामेंट का तीसरा पदक है। भारत की नजरें चौथे पदक पर भी हैं क्योंकि धीरज पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग में प्रतिस्पर्धा में बने हुए हैं। इससे पहले भारत ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। अभिषेक वर्मा कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूक गए।रिकर्व टीम स्वर्ण पदक मुकाबले में भारत और चीन के बीच पहला सेट 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ जिसमें दोनों टीम ने 54 अंक बनाए। भारतीय तिकड़ी ने दो बार 10 और दो बार नौ अंक बनाए लेकिन दो बार आठ अंक जुटाने के कारण सेट जीतने का मौका गंवा दिया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 4 | 2 | 8 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 1 | 5 | 2 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



निकोलस पूरन — 349 रन — लखनऊ

नूर अहमद — 12 विकेट — चेन्नई

## आईपीएल : नौ विकेट की जीत से तीसरे स्थान पर आरसीबी

# कोहली 100 फिफ्टी पूरे करने वाले पहले भारतीय, बेंगलुरु ने राजस्थान को रौंदा

एजेंसी ⏭ जयपुर

फिल सॉल्ट और विराट कोहली के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को नौ विकेट से रौंद दिया।

सॉल्ट और कोहली के बीच पहले विकेट की 92 रन की तेजतर्रार साझेदारी से आरसीबी ने 174 रन के लक्ष्य को 17.3 ओवर में एक विकेट पर 175 रन बनाकर हासिल कर लिया। कोहली टी20 में 100 अर्धशतक बनाने वाले पहले भारतीय बन गए। कोहली ने देवदत्त पडिक्कल के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

राजस्थान रॉयल्स ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक से चार विकेट पर 173 रन बनाए। जायसवाल ने रियान पराग के साथ दूसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी भी की। ध्रुव जुरेल ने अंत में 23 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों से नाबाद 35 रन की पारी खेलकर टीम को चुनौतपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।



**सर्वाधिक 50+ स्कोर**

| बल्लेबाज | 50+ स्कोर |
|---|---|
| डेविड वॉर्नर | 108 |
| विराट कोहली | 100* |
| बाबर आजम | 90 |
| क्रिस गेल | 88 |
| जोस बटलर | 86 |

### हरी जर्सी पहनकर उतरी रॉयल चैलेंजर्स की टीम



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 28वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम के खिलाड़ी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित मुकाबले में रेड जर्सी की जगह ग्रीन जर्सी पहनकर मैदान पर उतरे। खास बात ये है कि यह हरी जर्सी स्टेडियम में मिले कचरे से बनाई गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु हर आईपीएल सीजन में एक मुकाबला ग्रीन जर्सी पहनकर खेलती है। दरअसल, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए इस रंग की जर्सी पहनकर मैदान पर उतरती है। आरसीबी साल 2011 से ही अपने 'गो ग्रीन' इनिशिएटिव के तहत ऐसा करती आ रही है।

### कोहली ने की वॉर्नर की बराबरी

टी20 में सर्वाधिक अर्धशतकों का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के नाम इस प्रारूप में कुल 108 अर्धशतक दर्ज हैं। वहीं, दाएं हाथ के बल्लेबाज विराट ने अपना 100वां अर्धशतक जड़कर ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज क्लब की बराबरी कर ली। राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में 36 वर्षीय बल्लेबाज ने 39 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस सत्र में यह कोहली से बल्ले से आया तीसरा पचासा है। उन्होंने अबतक खेले छह मैचों में 248 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी पगबाधा बो हेजलवुड | 75 | 47 | 10 | 2 |
| सैमसन स्ट जितेश बो कृणाल | 15 | 19 | 1 | 0 |
| पराग का कोहली बो यश | 30 | 2 | 3 | 1 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 35 | 23 | 2 | 2 |
| हेटमायर का देवदत्त बो भुवनेश्वर | 09 | 08 | 1 | 0 |
| नितीश राणा नाबाद | 04 | 01 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 173/4

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-32-1, यश 4-0-36-1, हेजलवुड 3-0-26-1, कृणाल 4-0-29-1, लिविंगस्टोन 1-0-8-0, सुयश 4-0-39-0.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का जायसवाल बो कार्तिकेय | 65 | 33 | 5 | 6 |
| विराट कोहली नाबाद | 62 | 45 | 4 | 2 |
| देवदत्त पडिक्कल नाबाद | 40 | 28 | 5 | 1 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 17.3 ओवर में 175/1

गेंदबाजी : आर्चर 4-0-36-0, देशपांडे 2-0-21-0, संदीप 2.3-0-29-0, तीक्षणा 2-0-21-0, कार्तिकेय 3-0-25-1, हसरंगा 3-0-33-0, पराग 1-0-10-0.

छाए तिलक




## अपने ही मैदान पर टूट गया दिल्ली की जीत का क्रम, मुंबई ने 12 रन से हराया

**नई दिल्ली।** करूण नायर के 40 गेंद में 89 रन के बाद मध्यक्रम के चरमराने और आखिर में रन आउट की हैट्रिक के कारण दिल्ली कैपिटल्स का आईपीएल के मौजूदा सत्र में जीत का सिलसिला अपने ही गढ़ में टूट गया जब मुंबई इंडियंस ने उसे रविवार को 12 रन से मात दी। पहले चारों मैच जीतकर इस सत्र में पहली बार अपने मैदान अरूण जेटली स्टेडियम पर खेल रही दिल्ली कैपिटल्स ने 206 रन के लक्ष्य के जवाब में एक समय 11वें ओवर में एक विकेट पर 119 रन बना लिये थे लेकिन आखिरी नौ विकेट 53 गेंद और 74 रन के भीतर गंवा दिए। दिल्ली की टीम 19 ओवर में 193 रन पर आउट हो गई । मुंबई इंडियंस के इंपैक्ट खिलाड़ी कर्ण शर्मा ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिये । उन्होंने अभिषेक पोरेल (25 गेंद में 33) , ट्रिस्टन स्टब्स (एक) और फॉर्म में चल रहे केएल राहुल (13 गेंद में 15) के कीमती विकेट लिये । आखिर में विपराज निगम (आठ गेंद में 14) और आशुतोष शर्मा (14 गेंद में 17) ने किला लड़ाने की कोशिश की लेकिन मुंबई ने आखिरी ओवरों में जबर्दस्त फील्डिंग का प्रदर्शन करके तीन बल्लेबाजों को रन आउट किया । आशुतोष 19वें ओवर की चौथी गेंद पर बुमराह को दो रन लेने के प्रयास में रन आउट हुए ।

- **19वें ओवर में 3 लगातार रन आउट से जीती मुंबई**
- **दिल्ली की टीम 19 ओवर में 193 रन पर आउट हुई**
- **मुंबई के कर्ण शर्मा ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए**

### खबर संक्षेप



#### 300 टी20 मैच खेलने वाले पहले पेसर बने भुवनेश्वर

**नई दिल्ली।** भुवनेश्वर कुमार ने बेंगलुरु के खिलाफ रविवार को मुकाबले के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह टी20 क्रिकेट में 300 मैच खेलने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में 6 विकेट चटकाए हैं और खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उन्होंने 316 विकेट लिए हैं। भुवनेश्वर कुमार टी20 क्रिकेट में 300 मैच खेलने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या सबसे ज्यादा टी20 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 291 टी20 मैच खेले हैं और जारी सीजन में अगर वह सभी मैच खेलते हैं तो वह भी 300 का आंकड़ा पार कर सकते हैं।

#### मैच से पहले हनुमान गढ़ी पहुंचे चेन्नई के खिलाड़ी

**अयोध्या।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ियों ने रविवार को अयोध्या स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान टीम के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और ऑलराउंडर श्रेयस गोपाल नजर आए। उनके साथ फ्रेंचाइजी के मालिक भी दिखे। बता दें कि, चेन्नई का सोमवार को लखनऊ से सामना होगा। यह मैच इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें सीएसके जीत की पटरी पर लौटने उतरेगी।

#### खिताबी मुकाबले में भिड़ेंगे मध्य प्रदेश और पंजाब



**झांसी।** मध्य प्रदेश और पंजाब ने रविवार को यहां सेमीफाइनल में क्रमशः मणिपुर और उत्तर प्रदेश को हराकर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल मैच में मध्य प्रदेश ने कप्तान यूसुफ अफ्फान और अली अहमद के दो दो गोल की मदद से मणिपुर को 5-3 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दूसरे सेमीफाइनल में पंजाब ने उत्तर प्रदेश को करीबी मुकाबले में 4-3 से हराया। जाब के लिए जसजीत सिंह कुलार ने दो गोल किए जबकि हरजीत सिंह और जुगराज सिंह ने एक-एक गोल किया।

फुटबॉल

## बार्सिलोना ने करीबी जीत से ला लिगा में मजबूत की अपनी बढ़त



एजेंसी ⏭ बार्सिलोना

बार्सिलोना ने रेलीगेशन का खतरा झेल रहे लेगानेस को आत्मघाती गोल की मदद से 1-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपनी बढ़त मजबूत कर ली।
मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में हुआ जब राफिन्हा के खतरनाक क्रॉस को लेगानेस के डिफेंडर जॉर्ज साएंज़ ने अपने ही नेट में डाल दिया। इस जीत से बार्सिलोना ने अपने करीबी प्रतिद्वंदी रियल मैड्रिड पर सात अंकों की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं जबकि रियल मैड्रिड के 30 मैच में 63 अंक है और वह दूसरे स्थान पर है। अन्य मैचों में एस्पेनयॉल ने स्ट्राइकर रॉबर्टो फर्नांडीज के दो गोल की मदद से सेल्टा विगो पर 2-0 से जीत हासिल की जबकि साइल लारिन और सेर्गी डार्डर के गोल की मदद से मैलोर्का ने सैन सेबेस्टियन में रियाल सोसिदाद को 2-0 से हराया। एक अन्य मैच में लास पालमास ने गेटाफे को 3-1 से हरा कर साल की अपनी पहली जीत दर्ज की।

### अल्कारेज ने जीता मोंटे कार्लो खिताब



**मोनाको।** कार्लोस अल्कारेज ने रविवार को यहां चोट से परेशान लोरेंजो मुसेटी को तीन सेट में हराकर मोंटे कार्लो टेनिस खिताब जीत लिया जो उनके कॅरियर का छठा मास्टर्स 1000 खिताब है। अल्कारेज ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए मुसेटी को 3-6, 6-1, 6-0 से हराया। अल्कारेज का मोंटे कार्लो का यह पहला और कॅरियर का टूर स्तर का 18वां खिताब है। यहां जीत के बाद स्पेन का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। मुसेटी तीसरे सेट के दौरान दाएं पैर की चोट से परेशान दिखे और उन्होंने 0-3 के स्कोर पर उपचार भी कराया।

## यूक्रेन और स्पेन बिली जीन किंग कप फाइनल्स के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ⏭ रेडोम

एलिना स्वितोलिना ने स्विट्जरलैंड की जिल टीचमैन को 6-4, 6-2 से हराया जिससे यूक्रेन पहली बार बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स में जगह बनाने में सफल रहा। यूक्रेन ने स्विट्जरलैंड को 2-1 से पराजित किया और इस तरह से ग्रुप ई में शीर्ष पर रहते हुए सितंबर में चीन के शेन्ज़ेन में होने वाले फाइनल्स में प्रवेश किया।

स्पेन ने भी फाइनल्स में अपनी जगह पक्की कर ली है। जेसिका बौज़स मनेरियो ने चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा को 6-4, 6-2 से हराकर स्पेन को 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। बर्नार्डा पेरा ने डेनमार्क की जोहान स्वेनडसेन को हराकर अमेरिका को ग्रुप सी में 2-0 की बढ़त दिला दी। अमेरिका का अगला मुकाबला मेजबान देश स्लोवाकिया से होगा, जिसमें विजेता रहने वाली टीम फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करेंगी। जापान की



मोयुका उचिजिमा ने ग्रुप ए में रोमानिया की एंका टोडोनी को 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हराने से पहले दो मैच प्वाइंट बचाए। जापान का अगला मुकाबला कनाडा से होगा जिससे फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम का निर्धारण होगा।



### लुकास मार्टेंस ने बनाया तैराकी का विश्व रिकॉर्ड

**स्टॉकहोम।** ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के लुकास मार्टेंस ने 'स्विम ओपन स्टॉकहोम' में पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में रिकॉर्ड बनाया। मार्टेंस ने शनिवार को पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा तीन मिनट 39.96 सेकंड में पूरी की जिससे वह तीन मिनट 40 सेकंड के बैरियर को तोड़ने वाले पहले तैराक बन गए। तेईस वर्षीय मार्टेंस ने 2024 पेरिस ओलंपिक में 3:41.78 के समय के साथ 400 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता था। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार उन्होंने इस तरह 2009 में जर्मनी के साथी पॉल बिडरमैन द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को 0.11 सेकंड तोड़ दिया।

### मैनचेस्टर सिटी ने की शानदार वापसी



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके क्रिस्टल पैलेस को 5-2 से हराया जिससे उसकी टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर पहुंच गई। क्रिस्टल पैलेस की टीम ने 21 मिनट तक दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन इसके बाद मैनचेस्टर सिटी ने दमदार वापसी की। उसकी तरफ से पहला गोल केविन डी ब्रुइन ने किया। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से ब्रूइन के अलावा पहले हाफ में उमर मार्मौश और माटेओ कोवासिक ने गोल किए। जेम्स मैकएटी ने चौथा और निको ओरेली ने पांचवा गोल किया। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी अंक तालिका में चेल्सी और न्यूकैसल से ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। वह तीसरे स्थान पर मौजूद नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट से दो अंक पीछे है, जिसे एवर्टन ने 1-0 से हराया।

## लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबला आज

# हार का सिलसिला तोड़ने को बेताब चेन्नई सुपर किंग्स

एजेंसी ⏭ लखनऊ

चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में इससे खराब दौर कभी नहीं देखा है और उसके बल्लेबाजों को सोमवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में लगातार हार के सिलसिले पर लगाम लगाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा। सीएसके ने आईपीएल के इतिहास में लगातार पांच मैच कभी नहीं गंवाए हैं जिसमें अपने गढ़ चेपॉक में लगातार तीन मैच में हार मिलना भी पहली दफा हुआ है।

सीएसके को अगर कोई मुश्किल दौर से निकाल सकता है तो वह महेंद्र सिंह धोनी हैं। लेकिन ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद कप्तानी में धोनी की वापसी भी शुक्रवार को टीम के पिछले मैच में उनकी किस्मत नहीं बदल सकी। घरेलू मैदान पर स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए बल्लेबाजों को फॉर्म हासिल करने के लिए घर से बाहर खेलने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज गायकवाड़ की अनुपस्थिति ने टीम की वापसी की कोशिश को और भी मुश्किल बना दिया है। सीएसके पर अपने उन खिलाड़ियों को रखने का आरोप लगाया गया है जो अब अपनी शीर्ष फॉर्म में नहीं हैं। और अब लगातार हार के रिकॉर्ड के बाद यह सवाल फिर से उठने लगा है। उनकी टीम में 'पावर-हिटर' की कमी भी चर्चा का विषय बन गई है क्योंकि धोनी ने खुद स्वीकार किया है कि पावरप्ले में 60 रन बनाने का लक्ष्य भी उनके लिए बहुत महत्वाकांक्षी है।



### लगातार चौथी जीत की तलाश

मेजबान टीम लखनऊ सुपर जायंट्स लगातार चौथी जीत की तलाश में होगी। टीम ने अच्छे अंतर से जीत दर्ज करने के बाद टूर्नामेंट में जरूरी निरंतरता हासिल की है। मुख्य तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण प्रतियोगिता की शुरुआत में उनकी गेंदबाजी सबसे कमजोर कड़ी थी लेकिन शनिवार को गुजरात टाइटन्स पर जीत हासिल करने में गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई। आवेश खान, रवि बिश्नोई और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाजों ने जिस तरह से गुजरात टाइटन्स की शानदार शुरुआत के बाद लगाम कसी, यह देखना शानदार था। गेंदबाज पारी के अंत में रनों के प्रवाह को रोकने में सक्षम रहे। लखनऊ की पिच पारंपरिक रूप से धीमी है और बल्लेबाजी के लिए बेहतर रही है।

## चिंतन

# मनरेगा में सतत सुधार की जरूरत

संविधान निर्माता और अर्थशास्त्री डा. भीमराव अंबेडकर की आज जयंती है। डा. अंबेडकर ने अपने अर्थशास्त्रीय चिंतन में गरीबी उन्मूलन के लिए आमदनी के स्थाई स्त्रोत के निर्माण की अवधारणा रखी थी। इसके लिए उन्होंने स्टेट सोशलिज्म का सिद्धांत दिया था, जिसमें राज्य द्वारा हर परिवार को बिना भेदभाव स्थाई आजीविका उपलब्ध कराने की बात है। अंबेडकर को मानने वाले नेता, राजनीति और सत्ता, किसी ने भी स्थाई रोजगार सृजन की ओर ध्यान नहीं दिया। अंबेडकर को मानने वाले बौद्धिक व चिंतक वर्ग ने भी कभी देश में रोजगार सृजन के स्थाई स्त्रोत निर्माण को अपने विमर्श का केंद्र नहीं बनाया। राजनीतिक और बौद्धिक उदासीनता ही है कि डा. अंबेडकर के जातिमुक्त समाज के सपने को साकार करने की दिशा में अब तक किसी ने भी प्रयास नहीं किया। डा. अंबेडकर के स्टेट सोशलिज्म का लक्ष्य बिना भेदभाव सभी नागरिकों का सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक उत्थान कर उनको आत्मनिर्भर बनाना है। यह लक्ष्य अब भी अधूरा है। वर्ष 2005 में जब संसद से मनरेगा विधेयक पास हुआ था, तो रोजगार सृजन की एक पहल की गई थी। 2006 में 200 जिलों में और वर्ष 2008 में समूचे देश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) लागू हुआ था। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र में इच्छुक अकुशल श्रमिकों को सौ दिन की रोजगार गारंटी देने का प्रावधान किया गया था। संसदीय समिति ने मनरेगा के तहत न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये व वर्ष 100 दिन के बदले 150 दिन रोजगार देने की सिफरिश की है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की जो आज स्थिति है, उसमें यह सिफारिश उचित है। सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं, लेकिन सरकार की अधिकांश योजनाएं नागरिकों को सक्षम व समर्थ बनाने के बजाय फ्रीबिज की तरह हैं, जो नागरिकों को वित्तीय मदद तक सीमित रखता है, उनका सक्षम मानव बल के तौर पर निर्माण नहीं होता है। मौजूदा व्यवस्था में भी अगर सभी सरकारी वेल्फेयर योजनाओं को मिलाकर केवल रोजगार सृजन योजना ही चलाई जाए तो भी कुछेक साल में गरीबी उन्मूलन हो जाएगा, जो डा. अंबेडकर का सपना साकार करने वाला कदम होगा। इसलिए मनरेगा समेत अन्य रोजगारपरक योजनाओं को मजबूत करने की जरूरत है, तभी देश विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर सकेगा। राष्ट्र के सभी नागरिकों को आर्थिक सृजन में शामिल करना जरूरी है। मनरेगा इसमें सहायक है, लेकिन मनरेगा से जुड़ी योजना की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र सर्वेक्षण किया जाना चाहिए व उभरती चुनौतियों के मद्देनजर योजना को नया रूप दिया जाना चाहिए। वर्ष 2021-22 में लगभग 50.31 लाख जॉब कार्ड मामूली वर्तनी संबंधी त्रुटियों या आधार विवरण से विसंगति के कारण समाप्त कर दिए गए थे। ऐसा नहीं होना चाहिए। जॉब कार्ड निर्माण होते रहना चाहिए। मनरेगा में सतत सुधार व सोशल ऑडिट होते रहना चाहिए, बजट की कमियों को दूर किया जाना चाहिए, जवाबदेही निश्चित की जानी चाहिए, जाति आधारित भेदभाव दूर होना चाहिए, संपत्ति निर्माण पर जोर देना चाहिए व इसे कदाचार से भी मुक्त करना चाहिए। मनरेगा के तहत अमृत सरोवर, जलदूत ऐप व लोकपाल ऐप अच्छी पहल हैं, इसे और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मनरेगा को कौशल विकास कार्यक्रम से जोड़ा जाना चाहिए। मनरेगा की तर्ज पर शहरी क्षेत्र के लिए भी रोजगार गारंटी कार्यक्रम लाया जाना चाहिए।



जयंती विशेष

प्रो. हवा सिंह

# मानवतावादी विद्वान थे डॉ. अंबेडकर

यदि डॉ. साहेब के जीवन की गतिविधियों का विश्लेषण करेंगे तो पाएंगे कि उनका जीवन संत कबीर, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले व अहिंसा के देवता महात्मा बुद्ध के दर्शन व विचारधारा से प्रभावित था। बाबा साहेब की माता भीमा देवी ने उनको स्कूल जाने से पहले ही तत्कालीन समाज में प्रचलित सामाजिक बुराइयों के प्रति अमानवीय व्यवहार से परीचित करवा दिया था। जाति-भेदभाव व अस्पृश्यता के कारण उन्हें स्कूल की क्लास में सबसे पीछे बैठना पड़ता था। उनका अटूट विश्वास था छुआछूत-जाति भेदभाव एक मनोरोग है और उसका समाधान राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक व्यवस्थाओं में अमूल चूक परिवर्तन की आवश्यकता है।

भारतीय समाज शताब्दियों से अंध विश्वासों, कर्मकांडों, भूतप्रेत, पाखंडों, जाति भेद, छुआछात व रूढ़ीवादी परम्पराओं के चंगुल में बुरी तरह से जकड़ा था। उसी समय एक महान मानवतावादी शख्सियत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में तथाकथित अछूत महार जाति में हुआ। उनके पिता आर्मी में जूनियर आफिसर के पद पर महू, मध्यप्रदेश में कार्यरत थे तथा वे कबीर पंथी थे। डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर उनके माता-पिता के संस्कारों का गहन प्रभाव था। इस महान बालक ने बचपन में अपनी माता से पाठ सीख लिया था कि 'विद्या दंदाति विनय ददाति पाप्रताय'। व्यक्ति जन्म से महान नहीं होता बल्कि उस व्यक्ति के कर्म ही उसको ऊंचाइयों पर पहुंचाते हैं।

यदि डॉ. साहेब के जीवन की गतिविधियों का विश्लेषण करेंगे तो पाएंगे कि उनका जीवन संत कबीर, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले व अहिंसा के देवता महात्मा बुद्ध के दर्शन व विचारधारा से प्रभावित था। बाबा साहेब की माता भीमा देवी ने उनको स्कूल जाने से पहले ही तत्कालीन समाज में प्रचलित सामाजिक बुराइयों के प्रति अमानवीय व्यवहार से परीचित करवा दिया था। जाति-भेदभाव व अस्पृश्यता के कारण उन्हें स्कूल की क्लास में सबसे पीछे बैठना पड़ता था। अछूत जाति के बच्चों को संस्कृत भाषा के अध्ययन पर प्रतिबंध था। डॉ. अंबेडकर की उच्च शिक्षा बहुत प्रभावशाली रही। उन्होंने स्नातक की उपाधि बॉम्बे विश्वविद्यालय से प्राप्त की। इसके पश्चात बड़ौदा के महाराजा सयाजी राव गायकवाड़ के वजीफे से कोलंबिया विश्वविद्यालय व लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में एम.ए. की डिग्री तथा पीएचडी की उपाधि हासिल की। ग्रेज इन से बैरिस्टर-एट-लॉ की डिग्री प्राप्त की। विदेश से शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात बड़ौदा वापस लौट आए और वहां राजा गायकवाड़ के राज्य में सैन्य सचिव के पद पर काम शुरू कर दिया, परंतु हिन्दू धर्म के मानने वाले अन्य नौकरी करने वालों को जब पता चला कि डा. भीमराव अछूत जाति से हैं, तो उन्होंने डा. साहेब से दुर्व्यवहार व नफरत करनी शुरू कर दी। कर्मचारियों के असहयोग के कारण उन्होंने नौकरी छोड़ दी। 1918 में सिडेन हैम कॉलेज, मुंबई में राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर के पद पर काम किया। उनको छात्रों से बहुत सहयोग व प्यार मिला, परंतु कॉलेज के साथी प्रोफेसरों व अन्य कर्मचारियों के अनुचित व्यवहार व संकीर्ण मानसिकता के कारण नौकरी छोड़नी पड़ी। उन्होंने बॉम्बे में सोशल सर्विस लीग में अपना कानूनी अभ्यास स्थापित किया। कम संसाधनों के बावजूद वकील के रूप में उनका कौशल कई प्रमुख मामलों में परिलक्षित हुआ। 1925 में केशवराव जेधे व उनकी सहयोगी ने म्यूनिसिपल कमेटी में प्रस्ताव पास किया कि ज्योतिबाई फुले की मूर्ति लगाई जाए, परंतु मदन मोहन मालवीय की पार्टी ने इसका विरोध किया। केशव राय जेधे व उनकी एक सहयोगी ने मिलकर एक किताब 'देश के दुश्मन' के नाम से लिखी। इस पुस्तक में मदन मोहन मालवीय व ब्राह्मणों के बारे में कुछ अपमानजनक टिप्पणीयां की गई। केशव राय व उनके साथियों पर हाईकोर्ट में केस चला तथा उनके केस की पैरवी डॉ. अंबेडकर ने की। अंत में हाई कोर्ट में केशव राय व उनके सहयोगी केस



जीत गए। इस तरह दो अन्य कोर्ट केस ब्राह्मणवाद व्यवस्था के खिलाफ चल रहे थे। उनके भी डॉ. अंबेडकर वकील थे। वे भी कोर्ट केस जीत गए। इन केसों की जीत के कारण डॉ. अंबेडकर उस समय के महान वकीलों की पंक्ति में खड़े हो गए। यह उनके जीवन का टर्निंग प्वाइंट बना और उन्होंने हिंदू समाज के स्पृश्य और अस्पृश्यों के बीच बढ़ती खाई व वैमनस्य को मिटाने के लिए आवाज बुलंद की, जब समाज में जातिवाद-छुआछात अपनी चरम सीमा पर था। उनका विचार था कि जब तक देश का इतना बड़ा शोषित वर्ग दीन-हीन दशा में पशु बना रहेगा तब तक सारा देश भी दीन-हीन व गरीबी की हालत में रहेगा। उनका 'कियेरा मत' आंदोलन ब्राह्मणों के विरुद्ध नहीं था बल्कि ब्राह्मणवाद के विरुद्ध था।

इस दिशा में उन्होंने 20 जुलाई सन 1924 को बहिष्कृत हितकारणी सभा की स्थापना की। शीघ्र ही उन्होंने बम्बई में दलित वर्ग कांफ्रेंस बुलाई और अपने लोगों की दुर्दशा की और समाज के स्वर्ण व शोषित जनता का ध्यान आकर्षित किया। 1927 में बॉम्बे की लेजिसलैटिव काउंसिल ने प्रस्ताव पास किया कि सभी सार्वजनिक सुविधाओं के उपयोग का अधिकार सभी नागरिकों को समान रूप से होगा, परंतु यह केवल कागजों तक सीमित रहा। डॉ. साहेब ने 19 मार्च सन 1927 में दस हजार से अधिक अछूत पुरुष-महिलाओं को एकत्रित करके प्रतिबंधित तालाब से पानी पीकर अछूतों को प्यास बुझाने अथवा पानी पीने की समस्या का निराकरण ही नहीं किया, अपितु सत्याग्रही होने का परिचय भी दिया। डॉ. अंबेडकर का मानना था कि मनुस्मृति ही वह ग्रंथ है, जिससे भारत में जाति-भेदभाव, वर्णवस्था तथा छुआछात की शुरुआत हुई। इस ग्रंथ की महात्मा ज्योतिबा फुले ने भी आलोचना की थी। 25 दिसंबर 1927 बाबा साहेब ने कड़कती ठंड में मनुस्मृति की प्रतियों को आग के हवाले कर दिया। सन 1935 में येओला की सभा में बाबा साहब ने कहा-हमें निश्चय कर लेना चाहिए जो धर्म समान अधिकार नही प्रदान करता, उसे हमें छोड़ देना चाहिए। हमें ऐसे धर्म की तलाश करनी पड़गी, जिसमें हर मानव को समान स्थान व समान अधिकार मिलें। अपने कटु अनुभवों और कांग्रेस के बड़े राजनीतिज्ञों से निराशा मिलने का नजीता था कि अम्बेडकर ने 1935 में ऐलान किया कि मैं हिन्दू धर्म में पैदा जरूर हुआ, लेकिन हिन्दू रहते हुए नहीं मरूंगा। अपनी प्रतिज्ञा पूरी करते हुए 14 अक्टूबर 1956 को बौद्ध धर्म अपनाया। 1946 में वे भारत संविधान सभा के सदस्य चुने गए। 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री बने। डॉ. अंबेडकर को संविधान सभा की मसौदा समिति का अध्यक्ष चुना गया।

संविधान को भारतीय समाज के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करने में डॉ. अंबेडकर की सबसे प्रभावी और निर्णायक भूमिका थी। डॉ. साहब का संविधान निर्माण में बड़ा योगदान है कि उन्होंने सभी मामलों में चर्चा को दिशा तथा सर्वसम्मति लाने में सफल हुए। डॉ. अंबेडकर व महात्मा गांधी के संबंध बहुत जटिल रहे हैं। गांधी का हिन्दू धर्म में अटूट विश्वास था। उनका मत था कि जाति भेदभाव व छुआछात को धर्म तथा अध्यात्म से सुधारा जा सकता है। डा. साहेब का मानना था कि छुआछात व जाति भेद का मुख्य कारण हिन्दू धर्म है। छुआछूत एक अपराध है। इसका निर्वाण कानून व राजनीतिक व्यवस्थाओं से संभव है। डॉ. अंबेडकर की विचारधारा इतनी विशाल है कि उसको आमजन नहीं समझ सकता। उनका अटूट विश्वास था छुआछूत-जाति भेदभाव एक मनोरोग है और उसका समाधान राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक व्यवस्थाओं में अमूल चूक परिवर्तन की आवश्यकता है।

(लेखक शिक्षाविद और प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विमर्श

डॉ. घनश्याम बादल



# अंबेडकर के सपनों को साकार करे राष्ट्र

अंबेडकर का राजनीतिक दर्शन भारतीय राजनीति और समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला रहा है। उनका दर्शन सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित था। अंबेडकर का मानना था कि जब तक समाज में छुआछूत, जातिवाद और असमानता बनी रहेगी, तब तक लोकतंत्र केवल एक दिखावा होगा। उन्होंने सामाजिक समानता को राजनीतिक स्वतंत्रता से भी ज़्यादा महत्वपूर्ण माना। भारतीय संविधान के शिल्पकार ने संविधान में नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता, शिक्षा, रोजगार और न्याय की गारंटी प्रदान करवाई। उनका विश्वास था कि संविधान के जरिए सामाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। अंबेडकर ने लोकतंत्र को केवल राजनीतिक प्रणाली ही नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन का तरीका माना। अंबेडकर राज्य को समाज में सकारात्मक हस्तक्षेप करने वाला मानते थे।

उनका मानना था कि राज्य को शोषित वर्गों के उत्थान के लिए आरक्षण, शिक्षा और सामाजिक सुधार जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए । अंबेडकर के लिए धर्म व्यक्तिगत आस्था रही लेकिन सामाजिक न्याय के विरोध में खड़े धर्म का वे विरोध करते थे। उन्होंने अंततः बौद्ध धर्म को अपनाया, जो उनके राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से मेल खाता था। उनका अंतिम लक्ष्य ऐसा भारत था जहां जाति के आधार पर कोई भेदभाव न हो और हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। आज भी अंबेडकर का नाम दलित वोटों को किसी चुंबक की तरह खींचता है। अंबेडकर के बाद कितने ही दलित नेता आए लेकिन अंबेडकर जैसा तिलिस्म कोई नहीं खड़ा कर पाया, न जगजीवन राम और न कांशीराम या रामविलास पासवान और न ही मायावती स्वयं को अंबेडकर में बदल पाए। अंबेडकर जयंती मनाने व उनकी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर देने से दलित वर्ग भले ही खुश हो, मगर अंबेडकर के साथ जीते जी जो व्यवहार हुआ और मृत्यु के पश्चात भी उन पर जिस तरह उंगलियां उठाई गई, उससे अंबेडकर के प्रति राजनीतिक दलों एवं सरकारों के रवैये एवं उनकी कथनी-करनी के अंतर का साफ पता चलता है। गरीब दलित परिवार में पैदा हो, फर्श से अर्श का सफर तय करने वाले अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक तो हैं ही आज भी सोशल इंजीनियरिंग की धुरी हैं। भीमराव अंबेडकर के चिंतन पर भी बहस की पर्याप्त गुंजाइश है। अंबेडकर की उंगली उठाए हुए लगाई गई प्रतिमाएं जहां समाज एवं सरकारों की मंशा पर उंगली उठा रही लगती हैं, वहीं स्वयं उन पर भी आजीवन उंगलियां उठती रही। तब भी जब अंबेडकर का चुनाव संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में किया जा रहा था और तब भी जब उनके बनाए कानूनों को दुनिया अचरज भरी नज़र से देख रही थी और तब भी जब उन्हें देश में आरक्षण के नाम पर चल रहे दंगों के लिए सबसे बड़ा गुनहगार बताया जा रहा था और जब उन्हें देश के दलित वर्ग का 'मसीहा' कहा जा रहा था और तब भी जब उन्हें 'पैर की जूती' कह लांछित किए जाने वाले दलित वर्ग को सिर माथे पर बिठाने का दोषी माना जा रहा था।

इतना ही नहीं, जब उन्होंने हिंदू धर्म को त्याग कर बौद्ध धर्म स्वीकार किया तब भी उनके इस निर्णय पर बहुत पैनी एवं कठोर मुद्रा वाली उंगलियां उठीं थी। दलितों के मसीहा भीमराव, आज़ाद हिंदुस्तान के गरीब,वंचित व दलित समाज के श्रद्धापात्र 'भीम' भारत के साथ ऐसे जुड़े हैं कि भीम और भारत को अलग करना संभव ही नहीं लगता है। आज डा. अंबेडकर के नाम से वोटों की फसल काटने वाले तो बहुत हैं पर उनके दिखाए रास्ते पर कम ही चलते हैं। इसी वजह से अंबेडकर का दलित-पिछड़ों के समन्वय का सपना आज भी अधूरा है। दलित अभी भी त्रस्त हैं और जब तक उन्हें गरीबी की रेखा से ऊपर नहीं लाया जाता, उनके लिए समाज के दूसरे वर्गों में सम्मान व बराबरी का भाव नहीं आ जाता, तब तक अंबेडकर का 'मिशन बराबरी' का स्वप्न पूरा नहीं होगा। अंतिम समय में उन्होंने जातिगत आरक्षण का विरोध भी किया था। वे मानते थे एक बार आरक्षण की बैसाखी पर चलने की आदत होने पर दलित व पिछड़ा समाज हमेशा के लिए उसका आदी हो जाएगा और उसकी उन्नति की जमीन चालाक वर्ग हथिया लेगा और आज ऐसा ही हो रहा है। इसीलिए उन्होंने आरक्षण की अवधि केवल 15 वर्ष रखी थी लेकिन यह अगले 15 वर्षों में भी पूरे होते नहीं दिखते, खैर इन्हीं सीमाओं आलोचनाओं एवं सराहनाओं के बीच अंबेडकर के प्रति उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## यह मन का कमाल है



संकलित

दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है।

## कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति पर निष्ठा



संकलित

प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोला: अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछा: आप कौन हैं? सर्प ने कहा: अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहा: भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहा: कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। लगभग यही हाल प्राइवेट अस्पतालों का भी है। *- मदन सैनी, बालोद*

## करंट अफेयर

# मृत्युदंड देना इस्लाम का हिस्सा : तालिबान नेता



अफगानिस्तान में हत्या के एक मामले में दोषी ठहराए गये चार लोगों को गोली मारकर मौत की सजा देने के कुछ दिनों बाद तालिबान के एक नेता ने कहा कि मृत्युदंड इस्लाम का हिस्सा है। चारों दोषियों को शुक्रवार को एक खेल स्टेडियम में गोली मारी गयी और यह 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से एक दिन में सबसे ज्यादा लोगों को दी गई मौत की सजा है। अधिकार समूहों और संयुक्त राष्ट्र ने इस घटना की निंदा की है। तालिबान नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने पूर्व में अफगानिस्तान में पश्चिमी कानूनों की जरूरत को खारिज कर दिया था। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने रविवार को 'एक्स' पर एक ऑडियो क्लिप जारी किया जिसमें अखुंदजादा ने कहा, हमें अनुशासनात्मक उपाय, प्रार्थनाएं और इबादत के काम करने चाहिए। हमें पूरी तरह से इस्लाम अपनाना चाहिए। इस्लाम सिर्फ कुछ रस्मों तक सीमित नहीं है, यह सभी अल्लाह के आदेशों की एक व्यापक व्यवस्था है। दक्षिणी कंधार प्रांत में हज प्रशिक्षकों की संगोष्ठी में 45 मिनट के भाषण के दौरान अखुंदजादा ने कहा कि इस्लाम का एक भी आदेश अधूरा नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

## ऑफ बीट

# प्रयोगशाला में तैयार मांस को लेकर छिड़ी बहस



प्रयोगशाला में तैयार मांस को लेकर गरमागरम बहस होती है। समर्थक जलवायु और पशु कल्याण के लिहाज से इसे लाभदायक मानते हैं। वहीं, विरोधियों को फ्रेंकस्टीन भोजन (जीन संशोधित तकनीक से तैयार भोजन) की चिंता है जिसे वे जोखिम भरा और अप्राकृतिक मानते हैं। आपकी राय चाहे जो भी हो, मांसपेशियों के ऊतकों के बड़े टुकड़े बनाने की यह प्रौद्योगिकी तेजी से आगे बढ़ रही है। तथ्य यह है कि कृत्रिम मांस एक जीवित ऊतक के रूप में शुरू होता है, इसका मतलब यह है कि जैसे-जैसे यह बड़ा और बेहतर होता जाएगा, इसमें शामिल प्रौद्योगिकियों का चिकित्सा अनुसंधान पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। प्रयोगशाला में तैयार मांस एक तरह का 'इंजीनियर्ड' ऊतक है। इसका उद्देश्य मांसपेशियों को बनाने के लिए जानवरों से उसकी कोशिकाओं की एक छोटी संख्या को अलग करना और उस कोशिका को जानवर के शरीर में विकसित होने की नकल करना है। मांस ज्यादातर मांसपेशियों की कोशिकाओं (मायोसाइट्स) से बना होता है, साथ ही वसा कोशिकाओं (एडिपोसाइट्स) और कोशिकाओं का मिश्रण होता है जो कोलेजन (फाइब्रोब्लास्ट के रूप में जाना जाता है) जैसी सामग्रियों के माध्यम से संरचना जोड़ते हैं।

## ट्रेंड

### बलिदानियों को नमन



जलियांवाला बाग नरसंहार भारत के स्वतंत्रता संग्राम का वह काला अध्याय है, जिसने समूचे देश को झकझोर कर रख दिया। जलियांवाला बाग में शहीद हुए बलिदानियों को नमन करता हूँ। देश अमर बलिदानियों को सदा अपनी स्मृतियों में संजोए रखेगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### हिंदुओं का पलायन



मुर्शिदाबाद में जो कुछ हो रहा है, वह पश्चिम बंगाल सरकार की तुष्टीकरण की खतरनाक राजनीति का प्रत्यक्ष परिणाम है, जिसके कारण हिंदुओं को पलायन करना पड़ रहा है। ऐसी ही स्थिति कर्नाटक में भी पैदा हो सकती है।

-पी.सी. मोहन, भाजपा सांसद

### प्रार्थना के लिए शुक्रिया



सिंगापुर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद मेरे बेटे शंकर की हालत स्थिर है और उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है। संकट की इस घड़ी में प्रार्थना और समर्थन के लिये सभी लोगों का तहे दिल से शुक्रिया।

- पवन कल्याण, डिप्टी सीएम, आंध्र प्रदेश

### मंच का राजनीतिकरण



मैं खिलाड़ियों के साथ थी, हूँ और रहूँगी इसी तरह मैं पार्टी के साथ भी हूँ और आगे भी रहूंगी लेकिन जब किसी भी खिलाड़ियों के मंच का राजनीतिकरण होगा तो मैं वहाँ पर नहीं रहूँगी।

-बबीता फोगाट, भारतीय पहलवान

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# पिछड़े समुदायों के लिए आरक्षण 32 से बढ़ाकर होगा 51 फीसदी

यहां कुल आरक्षण 85 प्रतिशत हो जाएगा | पिछड़े समुदायों की जनसंख्या 70% होने का दावा | रिपोर्ट पर जल्द निर्णय लेने की तैयारी में

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

कर्नाटक मंत्रिमंडल के सामने जाति गणना रिपोर्ट पेश की गई है। इसमें पिछड़े समुदायों के लिए आरक्षण को मौजूदा 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 51 प्रतिशत करने की सिफारिश की गई है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सर्वेक्षण (संक्षेप में जाति जनगणना) इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि पिछड़ी जातियों की जनसंख्या 70 प्रतिशत है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में पिछड़े समुदायों को 51 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए। इस रिपोर्ट में तमिलनाडु और झारखंड का उदाहरण दिया गया है। तमिलनाडु में पिछड़े वर्ग की आबादी के अनुसार 69 प्रतिशत आरक्षण है।

**कर्नाटक मंत्रिमंडल के सामने जाति गणना रिपोर्ट पेश**

### 2015 में शुरू हुई थी जाति गणना

यह जाति जनगणना 2015 में एच. कांथराज के नेतृत्व में शुरू हुई थी। बाद में, के. जयप्रकाश हेगड़े के नेतृत्व में कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने इसे पूरा किया।

### ओबीसी आबादी लगभग 4.16 करोड़



सर्वेक्षण के अनुसार, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कुल आबादी लगभग 4.16 करोड़ है। यह आबादी लगभग 5.98 करोड़ की सर्वेक्षित आबादी में से है। रिपोर्ट में अनुसूचित जाति की आबादी 1.09 करोड़ से अधिक बताई गई है। वहीं, अनुसूचित जनजाति की आबादी 42 लाख से अधिक है।

### कर्नाटक में जातिगणना रिपोर्ट का असर

कुल आरक्षण 85 प्रतिशत हो जाएगा। ईडब्ल्यूएस आरक्षण 10 फीसदी है। रिपोर्ट की सिफारिशें लागू की गईं तो यह आरक्षण 24 फीसदी हो जाएगा।

### फरवरी 2024 में सिद्धारमैया सरकार को दी गई थी रिपोर्ट

अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को फरवरी 2024 में सौंपी गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछड़ी जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण मिलना चाहिए। इससे सामाजिक समानता लाने में मदद मिलेगी। सरकार अब इस रिपोर्ट पर विचार कर रही है।

### 17 को कैबिनेट की बैठक

सिद्धारमैया सरकार ने जाति गणना रिपोर्ट पर 17 अप्रैल को कैबिनेट बैठक बुलाई है। इस कैबिनेट बैठक में इस रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सरकार मंथन करेगी और उसके बाद इन सिफारिशों को लागू किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### नायडू ने मोदी को भूमि पूजन का न्योता भेजा



**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती शहर को तैयार करने की परियोजना पर एक बार फिर तेज रफ्तार से काम शुरू हो गया है। सीएम चंद्रबाबू नायडू का यह ड्रीम प्रोजेक्ट 65,000 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला है। परियोजना के भूमि पूजन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को न्योता भेजा गया है। कृष्णा नदी के तट पर राजधानी बनेगी।

### कानपुर में आरएसएस का 5 दिनी आयोजन



**कानपुर।** आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 5 दिवसीय प्रवास पर रविवार शाम को वंदे भारत ट्रेन से कानपुर पहुंचे। संघ प्रमुख 14 अप्रैल को संघ दफ्तर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रांत और क्षेत्र टोली संग भविष्य की योजनाओं पर मंथन करेंगे।

### राष्ट्र सेवा की दिशा में पहला कदम मतदान है: सीईसी

**रांची।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि राष्ट्र सेवा की दिशा में पहला कदम मतदान है। कुमार ने कहा कि जब भी चुनाव हो, पात्र नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। कुमार ने रांची में पत्रकारों से कहा, ''राष्ट्र सेवा की दिशा में पहला कदम मतदान है। वोट डालने के लिए व्यक्ति का मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना जरूरी है।

### आकाश ने मायावती से मांगी माफी



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की मुखिया मायावती से उनके भतीजे आकाश आनंद ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। माफीनामे में मायावती को अपना गुरु बताया। कहा कि पार्टी के हित के लिए अपने ससुराल वालों राय नहीं लूंगा। उनको बाधा नहीं बनने दूंगा।

राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में शामिल हुए, बोले-मध्यप्रदेश में काफी संभावनाएं

# सहकारी समितियां अब पेट्रोल पंप चलाएंगी, गैस बांटेंगी : शाह

**मध्यप्रदेश दुग्ध संघ और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के बीच हुआ एमओयू**



### समय के साथ कानूनों में बदलाव नहीं होने से 'खत्म' हो गया था सहकारिता आंदोलन

**पहले कानूनों में समय के अनुरूप बदलाव नहीं किए गए लेकिन अब जोर पकड़ा**

**मुख्यमंत्री ने कहा-राज्य में दूध उत्पादन 9% से बढ़ाकर 24% करना है**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सहकारी आंदोलन देश में करीब-करीब खत्म हो गया था क्योंकि कानूनों में समय के साथ बदलाव नहीं किया गया। शाह ने भोपाल में राज्यस्तरीय सहकारी सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश में कृषि, पशुपालन और सहकारी क्षेत्रों में बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इन संभावनाओं का पूरा दोहन करने के लिए बहुत काम किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''सहकारी आंदोलन अस्त-व्यस्त रहे क्योंकि पहले कानूनों में समय के अनुरूप बदलाव नहीं किए गए। लेकिन आजादी के 75 साल बाद सहकारी आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया, जिसने अब जोर पकड़ लिया है।'' शाह ने कहा कि सहकारी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए पिछली केंद्र सरकारों द्वारा कोई विचार नहीं किया गया था। उन्होंने कहा, ''इसकी वजह यह थी कि सहकारिता के क्षेत्र के लिए देश में कोई मंत्रालय नहीं था।

**मोदी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की**



### संपूर्ण भारत में मॉडल बायलॉज को स्वीकार किया

*शाह ने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि संपूर्ण भारत में मॉडल बायलॉज को स्वीकार किया गया है। जब आपकी नीयत ठीक हो, श्रम करने की वृत्ति हो तो नतीजे भी ठीक ही आएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। इस दौरान सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पशुपालन-डेयरी विकास मंत्री लखन पटेल के साथ-साथ नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड और मध्यप्रदेश के सहकारिता, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। इससे पहले स्टेट हैंगर पर शाह का स्वागत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने किया। इसके बाद शाह का काफिला रवाना होकर सीएम हाउस पहुंचा, जहां शाह ने सीएम मोहन यादव और उनके साथी मंत्रियों के साथ लंच किया।*

**किसानों की जिंदगी बेहतर बनाएंगे : सीएम**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हजारों साल से ऐसा माना जाता था कि हमारे देश में दूध की नदियां बहती थीं, लेकिन गाय का दूध खरीदने में हाथ जोड़ते थे। यह बात अलग है कि दूध में पानी मिलाकर चला दें, लेकिन कोई दूध उत्पादक घर से गाय का दूध लेकर जाए तो गाय का दूध नहीं खरीदते थे।



### साढ़े 3 साल में काफी बदलाव आया

*अमित शाह ने कहा कि ग्रामीण विकास और कृषि विकास के आयाम, पशुपालन के आयाम, इन सबको एक जगह पर रखकर केंद्रीय स्तर पर कोई विचार नहीं किया। विचार होता भी कैसे। कोई सहकारिता मंत्रालय ही नहीं था। आजादी के 75 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय बनाकर मुझे मंत्री बनाया। मोहन जी कह रहे हैं उन्हें आश्चर्य हुआ तो थोड़ा मुझे भी आश्चर्य हुआ। साढ़े तीन साल के समय में मोदी जी ने खुद बहुत बारीकी से देखकर सहकारिता आंदोलन में बहुत बड़ा बदलाव लाने का काम किया। शाह ने कहा- आज भी सहकारिता राज्य का विषय है। भारत सरकार राज्य की सूची में कोई बदलाव नहीं कर सकती, लेकिन टैक्स को पुनर्जीवित करना, डेयरी क्षेत्र को बढ़ाना, उत्पादन के क्षेत्र में सहकारिता को ले जाना, अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक, जिला सहकारी बैंक और ग्रामीण बैंकों के सुचारू व्यवस्थापन का सारा काम कैसे होगा।*

नितिन गडकरी ने दी जानकारी

# दो साल में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू करेगी सरकार



**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार देशभर में राजमार्गों को मजबूत करने के लिए अगले दो साल में 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम पूर्वोत्तर क्षेत्र पर विशेष ध्यान देंगे, जहां की सड़कें अमेरिका की सड़कों के समान होंगी। गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार अगले दो साल में देश के बुनियादी ढांचे में आमूलचूल बदलाव लाने के लिए काम कर रही है, ताकि यह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ के बराबर हो। गडकरी ने कहा, ''हम अगले दो साल में देशभर में राजमार्गों को मजबूत करने के लिए 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें पूर्वोत्तर और सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। आने वाले दो वर्षों में पूर्वोत्तर के राजमार्ग अमेरिकी सड़कों के बराबर हो जाएंगे।'' उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के कठिन भूभाग और सीमाओं से निकटता को देखते हुए यहां सड़क बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की तत्काल जरूरत है। उन्होंने कहा, ''हमारा प्रयास देश के बुनियादी ढांचे में आमूलचूल बदलाव लाना है, ताकि यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बुनियादी ढांचे के बराबर हो जाए।'' उन्होंने बताया कि इस दिशा में महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान और दिल्ली सहित सभी राज्यों में काम चल रहा है।

### योजना के तहत 21,355 किलोमीटर सड़क आएंगी

गडकरी ने कहा कि पूर्वी राज्यों में 3,73,484 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 784 राजमार्ग परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी, जिनके तहत 21,355 किलोमीटर सड़क आएंगी। उन्होंने कहा कि इनमें सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) की परियोजनाएं शामिल हैं। गडकरी ने बताया, ''हमारे पास फिलहाल असम में 57,696 करोड़ रुपये और बिहार में लगभग 90,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं हैं। हम पश्चिम बंगाल में 42,000 करोड़ रुपये से अधिक, झारखंड में लगभग 53,000 करोड़ रुपये और ओडिशा में लगभग 58,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं भी शुरू कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''असम को छोड़कर पूर्वोत्तर में हम इस साल ही करीब एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू कर रहे हैं।'' गडकरी ने कहा कि नागपुर में 170 करोड़ रुपये की लागत से एक 'मास रैपिड ट्रांसपोर्ट' पायलट परियोजना चल रही है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में 135 सीटों वाली बस शामिल है जो प्रदूषण नहीं फैलाने वाले ऊर्जा स्रोतों पर चलेगी और इसके अत्यधिक लागत प्रभावी होने की उम्मीद है। अगर यह सफल रही तो इसे बनाओ-चलाओ-स्थानांतरित करो (बीओटी) मॉडल के तहत दिल्ली-जयपुर खंड सहित देशभर के महत्वपूर्ण मार्गों पर दोहराया जाएगा।

राज्यसभा सांसद शर्मा ने कहा

# डॉ. आंबेडकर की बदौलत संविधान में मिला समानता का अधिकार : रेखा



**चंडीगढ़।** राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि डॉ. बी.आर. आंबेडकर की बदौलत देश को ऐसा संविधान मिला, जिसमें स्वतंत्रता और समानता जैसे मूल्यों के तहत सभी नागरिकों चाहे वे किसी भी जाति, धर्म या लिंग के हों को समान अधिकार प्राप्त हैं। राज्यसभा सांसद संविधान निर्माता डॉ. बीआर आंबेडकर की 135वीं जयंती पर आयोजित पद यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थी। नेहरू युवा केंद्र संगठन हरियाणा और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा डॉ. आंबेडकर की 135वीं जयंती पर पंचकूला में राज्य स्तरीय पद यात्रा का आयोजन किया गया, जिसे हरियाणा सरकार के युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरु युवा केंद्र संगठन हरियाणा चंडीगढ़ के निदेशक डॉ. गुरमेल सिंह बाजवा द्वारा की गई।

कांग्रेस को मजबूत करने की कवायद

# गुजरात मॉडल 'संगठन सृजन अभियान' चल निकला तो देशभर में होगा लागू

शिशिर सोनी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने देशभर में सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने की शुरूआत गुजरात से की है। गुजरात में पार्टी खोये जनाधार और संगठन से गायब होते कार्यकर्ताओं को नए सिरे से गुनने बुनने के लिए 'संगठन सृजन अभियान' के तहत 43 एआईसीसी और 182 पीसीसी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर समूचे सांगठनिक मशीनरी की 'ऑयलिंग' का काम शुरू किया है। गुजरात मॉडल के आधार पर कांग्रेस देशभर में जमीनी कार्यकर्ताओं को ताकत देने के लिए जुटेगी। इस काम में राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को बडी जिम्मेदारी दी जा रही है। एआईसीसी पर्यवेक्षकों में छत्तीसगढ के पूर्व कैबिनेट मंत्री शिव डहरिया और एआईसीसी महासचिव और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार रहे राजेश तिवारी को उन्हीं बीके हरिप्रसाद के साथ शामिल किया गया है जो पहले छत्तीसगढ के प्रभारी थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और टीम राहुल गांधी 2027 के गुजरात विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए, पार्टी अभी से रणनीति तैयार कर रहे हैं, जिसमें मतदाताओं से सीधा संपर्क और स्थानीय मुद्दों पर फोकस शामिल है।

कांग्रेस नेता बाजवा के बयान से प्रदेश में मच गया तूफान

# पंजाब में 50 बम आए, अभी 32 बम फटने के लिए बचे और घर पहुंच गई पुलिस

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़



पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के बयान से सियासी तूफान मचा है। उन्होंने एक मीडिया चैनल में दावा किया कि पंजाब में 50 बम आए हैं। इनमें से 18 फट चुके हैं और 32 अभी भी बाकी हैं। इसके तुरंत बाद काउंटर इंटेलिजेंस, पंजाब पुलिस की एक टीम विपक्ष के नेता के आवास पर पहुंच गई और उनके पूछताछ की।

**मान बोले- आपका पाकिस्तान से कनेक्शन तो नहीं**

### सूत्रों का खुलासा नहीं करूंगा: बाजवा



बाजवा ने कहा कि मेरे सूत्रों ने मुझे चेतावनी दी है कि पंजाब में कई बम आए हैं। मेरे सूत्र ने मुझे बताया कि मुझे सचेत रहना चाहिए। मैंने पूरा सहयोग किया है और काउंटर इंटेलिजेंस के साथ पूरा सहयोग करूंगा। हमारा काम लोगों को बचाना और पंजाब सरकार की मदद करना है। मैंने एजेंसी को सब बता दिया है।

**मान ने बाजवा पर बोला हमला- बताएं किसने ये बम भेजे?**
पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि अगर बाजवा ने बम होने की जानकारी दी है, तो उनका पाकिस्तान से क्या कनेक्शन है कि वहां के आतंकी सीधे उन्हें फोन करके बता रहे हैं कि उन्होंने कितने बम भेजे हैं? यह जानकारी न तो इंटेलिजेंस के पास है और न ही केंद्र को।

हाई कोर्ट ने धामी सरकार के बुलडोजर एक्शन पर उठाए सवाल

# रसूखदारों पर क्यों नहीं हुई कार्रवाई फिलहाल सरकार के आदेश पर रोक

**प्रार्थना पत्र पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई की**

एजेंसी ▸▸ नैनीताल

हाईकोर्ट ने देहरादून जिले के विकासनगर क्षेत्र में झुग्गियों पर शुरू हुई बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर दायर प्रार्थना पत्र पर शनिवार शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई की। इन बस्ती वालों के विशेष अंतरिम राहत के अनुरोध पर चीफ जस्टिस जी. नरेंद्र एवं जस्टिस आशीष नैथानी की खंडपीठ ने कार्रवाई संबंधित आदेश पर रोक लगा दी है।

**सुनवाई का अवसर क्यों नहीं दिया जा रहा?**



हाई कोर्ट ने उत्तराखंड की धामी सरकार से पूछा है कि रसूखदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई और झुग्गीवालों को सुनवाई का अवसर क्यों नहीं दिया जा रहा है? कोर्ट ने सरकार को 15 अप्रैल तक स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। सरकार की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ताओं को पूर्व में भी नोटिस दिए गए हैं।

**मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने सुनाया फैसला**
शनिवार को अवकाश के बाद भी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ में प्रभावितों के प्रार्थना पत्रों पर विशेष सुनवाई हुई। खंडपीठ ने इस पर सख्त नाराजगी जताते हुए नोटिसों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी।

खाटूश्याम जी मंदिर में उमड़ी लाखों की भीड़, पैर रखने की जगह नहीं

# गर्मी से लाइन में खड़े-खड़े बेहोश होकर गिरे श्रद्धालु

एजेंसी ▸▸ सीकर

राजस्थान के सीकर जिले के प्रसिद्ध खाटूश्याम जी मंदिर परिसर में रविवार को लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां आए श्रद्धालु मंदिर परिसर में ही बेहोश होकर गिर रहे हैं। हनुमान जयंती के बाद रविवार को श्रद्धालुओं की ये भीड़ उमड़ी है। गर्मी में श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है।गर्मी से श्रद्धालुओं का बुरा हाल हो गया। रविवार के चलते मंदिर परिसर में ज्यादा भीड़ हो गई। लाइन में लगे श्रद्धालु गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर जा रहे हैं। जिले के आसपास चार पहिया गाड़ियों की लंबी कतार लगी हुई है। सीकर जिले में ट्रैफिक जाम की भी समस्या बन गई है।

**गाड़ियों की लंबी कतारें लगी सीकर में जाम की समस्या बढ़ी**




**यह हिंदुओं का प्रमुख धार्मिक स्थल**

खाटूश्याम जी मंदिर राजस्थान के सीकर जिले में खाटू गांव में स्थित एक प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ स्थल है, जो भगवान श्रीकृष्ण के अवतार खाटू श्याम को समर्पित है। इसे 'हारे का सहारा' और 'लखदातार' के नाम से भी जाना जाता है।

**दर्शन को जा रहे थे, कार ट्रेलर से टकराई**

### परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत

जिले के जमवारामगढ़ क्षेत्र में रविवार सुबह सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर स्थित नेकावाला टोल प्लाजा के पास उस वक्त हुआ, जब लखनऊ से आए एक परिवार की कार सामने से आ रहे ट्रेलर से भिड़ गई। घटना सुबह करीब 8 बजे की बताई जा रही है। हादसे में दो पुरुष, दो महिलाएं और एक साल का एक मासूम शामिल हैं। सभी मृतक एक ही परिवार से हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## भारत-अफ्रीकी देशों का संयुक्त अभ्यास शुरू

# समुद्री डकैतों से निपटने और जहाजों की सुरक्षा के दांव-पेच सीखेंगे सैनिक

**साझेदारी पर केंद्रित टेबल टॉप और कमांड पोस्ट अभ्यास भी किया जाएगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अफ्रीकी देश समुद्री डकैती तथा अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ रविवार से एक बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास 'अफ्रीका इंडिया की मैरीटाइम इंगेजमेंट' (ऐक्यमेय) में शामिल हो रहे हैं। संस्कृत में 'ऐक्यमेय' का अर्थ एकता होता है। यह समुद्री अभ्यास दार-ए-सलाम, तंजानिया में किया जा रहा है। विभिन्न देशों की नौसेनाओं के बीच 13 से 18 अप्रैल तक हो रहे इस अभ्यास में कोमोरस, जिबूती, एरिट्रिया, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स और दक्षिण अफ्रीका जैसे देश भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास में सबसे पहले हार्बर चरण है जो रविवार से शुरू हुआ है। आगामी 15 अप्रैल तक इस चरण के दौरान कई सैन्य गतिविधियां योजनाबद्ध हैं। तंजानियन पीपल्स डिफेंस फोर्स के सहयोग से सीमैनशिप और विजिट, बोर्ड, सर्च एंड सीजर प्रशिक्षण भी होगा।

इन गतिविधियों में एंटी-पायरेसी यानी समुद्र में डकैती-रोधी ऑपरेशनों का अभ्यास करना शामिल है। सूचना साझेदारी पर केंद्रित टेबल टॉप और कमांड पोस्ट अभ्यास भी किया जाएगा। तंजानियन पीपल्स डिफेंस फोर्स के सहयोग से सीमैनशिप और विजिट, बोर्ड, सर्च एंड सीजर प्रशिक्षण भी होगा।

### आम नागरिक देखेंगे जहाज

*स्थानीय जनता के साथ जुड़ाव के लिए भारतीय नौसैनिक जहाजों को आम नागरिकों के लिए खोला जाएगा। इस बीच, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी तंजानिया पहुंच चुके हैं। उन्होंने वहां भारत के उच्चायुक्त बिश्वदीप डे और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। रक्षा राज्यमंत्री के मुताबिक, यहां उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डॉ. इमैनुएल नचिंबी से उनकी आत्मीय मुलाकात भी हुई।*

*एंटी-पायरेसी यानी समुद्र में डकैती-रोधी ऑपरेशनों का अभ्यास करना शामिल*



**सभी देश एक दूसरे से साझा करेंगे अपने-अपने अनुभव**

### ये देश हुए शामिल

- कोमोरस
- जिबूती
- एरिट्रिया
- केन्या
- मेडागास्कर
- मॉरीशस
- मोजाम्बिक सेशेल्स
- दक्षिण अफ्रीका

जैसे देश

### नौसैनिक अभ्यास 'ऐक्यमेय' का उद्घाटन समारोह भी हुआ

इस सैन्य अभ्यास का हिस्सा बनने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस चेन्नई और आईएनएस केसरी भी तंजानिया के दार-ए-सलाम बंदरगाह पर पहुंच चुके हैं। नौसैनिक अभ्यास 'ऐक्यमेय' के उद्घाटन समारोह की सह-मेजबानी इन जहाजों पर तंजानियन पीपल्स डिफेंस फोर्स के साथ की जा रही है। तंजानिया में भारतीय जहाजों का स्वागत किया गया। आईएनएस चेन्नई पर एक भव्य गार्ड ऑफ ऑनर का आयोजन किया गया। तंजानियन पीपल्स डिफेंस फोर्स और भारतीय नौसेना के बैंड द्वारा दोनों देशों के राष्ट्रगान बजाए गए। भारतीय नौसेना द्वारा शुरू की गई यह पहल मित्र देशों की नौसेनाओं के बीच इंटरऑपरेबिलिटी और संयुक्त संचालन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### आईएनएस चेन्नई पर भव्य गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

हार्बर फेज में उद्घाटन समारोह और एक औपचारिक डेक स्वागत समारोह का आयोजन हुआ जिसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और तंजानिया के रक्षा मंत्री मुख्य अतिथि रहे। भारतीय नौसेना द्वारा शुरू की गई यह पहल मित्र देशों की नौसेनाओं के बीच इंटरऑपरेबिलिटी और संयुक्त संचालन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह भारत और अफ्रीकी देशों के बीच मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंधों को भी रेखांकित करता है। भारत और अफ्रीका समुद्री सुरक्षा को अत्यधिक महत्व देते हैं। समुद्री सुरक्षा के लिए खतरों जैसे समुद्री डकैती, तस्करी सहित अवैध गतिविधियों, अनियमित और अप्रतिबंधित मछली पकड़ने से निपटने में सूचना और निगरानी साझा करने के माध्यम से सहयोग बढ़ाने के लिए इन देशों ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।



## म्यांमार में फिर भूकंप से कांपी धरती, डर के घरों से भागे लोग

**नेपीडा (एजेंसी)।** म्यांमार में रविवार की सुबह-सुबह एक बार फिर से भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए, जिससे दहशत में लोग घर छोड़कर भाग निकले। रविवार की सुबह आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मैग्नीट्यूड मापी गई है। बता दें कि हाल ही में यहां आए भूकंप ने बड़ी तबाही मचाई थी, जिसमें तीन हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, म्यांमार में सुबह 07:54:58 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र जमीन के अंदर 10 किलोमीटर गहराई में ही था। फिलहाल किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। बता दें कि इससे पहले म्यांमार में 28 मार्च 2025 को 7.7 तीव्रता का भयानक भूकंप आया था और इस भूकंप ने पूरे देश में भारी तबाही मचाई थी। सेना के मुताबिक, इस भूकंप में अबतक 3600 से ज्यादा लोगों की मौत की सूचना मिली है।

### सियाचिन के सपूतों को हिंदुस्तान का सलाम

# विश्व के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र पर फहराया भारत का विजयी 'तिरंगा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर साल 13 अप्रैल को 'सियाचिन दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जो 1984 में शुरू किए गए 'ऑपरेशन मेघदूत' की याद दिलाता है। यह वह दिन है जब भारतीय सेना ने दुनिया के सबसे ऊंचे और सबसे कठिन युद्धक्षेत्र – सियाचिन ग्लेशियर पर अपने झंडे गाड़े थे। बता दें कि वर्ष 1984 में पाकिस्तान की संभावित सैन्य कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद भारत ने सियाचिन ग्लेशियर पर रणनीतिक स्थानों को सुरक्षित करने के लिए ऑपरेशन मेघदूत शुरू किया।

### क्यों है सियाचिन इतना खास?

*सियाचिन ग्लेशियर का क्षेत्र पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके), अक्साई चिन और शक्सगाम घाटी से सटा हुआ है, जिसे पाकिस्तान ने 1963 में चीन को सौंप दिया था। यह भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण इलाका है क्योंकि इससे दुश्मन की हरकतों पर नजर रखी जा सकती है। इसके साथ ही यह स्थान लेह से गिलगित आने-जाने वाले रास्तों को भी नियंत्रित करता है, जिससे इसकी सैन्य और रणनीतिक अहमियत और बढ़ जाती है।*



### भारतीय वायुसेना की अतुल्य भूमिका

*ऑपरेशन मेघदूत में भारतीय वायुसेना की एक अतुल्य भूमिका रही। वायुसेना ने एएन-12, एएन-32 और आईएल-76 जैसे एयरक्राफ्ट के जरिए सैनिकों और सामान को ऊंचाई वाले हवाई क्षेत्रों तक पहुंचाया। इसके बाद एमआई-17, एमआई-8, चेतक और चीता हेलिकॉप्टरों की मदद से सैनिकों को ग्लेशियर की ऊंची चोटियों तक पहुंचाया गया। इतना ही नहीं वायुसेना के हेलिकॉप्टर 1978 से ही सियाचिन में उड़ान भर रहे हैं, और चेतक हेलिकॉप्टर पहला ऐसा भारतीय हेलिकॉप्टर था जो अक्टूबर 1978 में वहां उतरा था।*

### बांग्लदेशी कोर्ट ने जारी कर दिया वारंट

# शेख हसीना, रेहाना और बच्चों को तत्काल गिरफ्तार कर लो

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के एक कोर्ट ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना, ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीक और 50 अन्य के खिलाफ राजनीतिक सत्ता का दुरुपयोग करके कथित अवैध भूमि अधिग्रहण के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया।



स्थानीय मीडिया के मुताबिक ढाका मेट्रोपोलिटन के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) द्वारा दायर तीन अलग-अलग आरोपपत्रों पर संज्ञान लेने केबाद यह आदेश पारित किया।

### 53 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र

*एसीसी के सहायक निदेशक (अभियोजन) अमीनुल इस्लाम के हवाले से बताया कि न्यायाधीश हुसैन ने गिरफ्तारी वारंट से संबंधित अमल रिपोर्ट की समीक्षा के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है। अदालती सूत्रों का हवाला से बताया कि एसीसी ने हाल ही में भूखंड आवंटन में भ्रष्टाचार के तीन अलग-अलग मामलों में हसीना समेत 53 लोगों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है और सभी फरार हैं। कोर्ट के इस फैसले के बाद शेख हसीना के विरोधियों को एक और मौका मिल गया है। अदालत ने राजुक प्लॉट आवंटन मामले में शेख हसीना की बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 16 अन्य के खिलाफ भी वारंट जारी किया है। बता दें कि 13 जनवरी को एसीसी के उपनिदेशक ने शेख हेहाना के खिलाफ अधिकार का दुरुपयोग करके पूर्वांचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट में 10 कट्ठे का प्लॉट हासिल करने का केस दर्ज करवाया था। बाद में इसमें दो अन्य लोगों के नाम भी जोड़ दिए गए।*

## भारत-यूएई के पास है दूरदृष्टि वाला नेतृत्व

**दुबई (एजेंसी)।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सांसद अली राशिद अल नूमी ने कहा कि भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने का यह सही समय है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पास दूरदृष्टि वाला नेतृत्व है। सांसद नूमी ने यह बात दुबई में चल रहे वैश्विक न्याय, प्रेम और शांति शिखर सम्मेलन में कही। रक्षा मामलों, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति अध्यक्ष नूमी ने शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि अलगाव कभी समाधान नहीं रहा है। दोनों देशों को दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारे पास दूरदृष्टि वाला सही नेतृत्व है, जो चुनौतियों को समझता है और अवसरों को देख सकता है।

## तमिलनाडु : राज्यपाल रवि के कॉलेज छात्रों से 'जय श्रीराम' का नारा लगाने के लिए कहने पर विवाद

**चेन्नई (ब्यूरो)।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा एक कॉलेज के छात्रों से कथित तौर पर 'जय श्रीराम' का नारा लगाने के लिए कहने को लेकर विवाद हो गया है। शिक्षाविदों के संगठन 'एसपीसीएसएस-टीएन' ने रवि पर अपनी शपथ और धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से उन्हें पद से तत्काल हटाने का अनुरोध किया है। स्टेट प्लेटफॉर्म फॉर कॉमन स्कूल सिस्टम-तमिलनाडु (एसपीसीएसएस-टीएन) ने कहा कि रवि संविधान का पालन करने और उसके आदर्शों एवं संस्थाओं का सम्मान करने में विफल रहे हैं।




Terms and conditions apply. #The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. #The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #The scheme is offered by Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges ( 0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards and HDFC bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9416680450, 7374002045; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704, 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020, 9065555525; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307. **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; Platinum Honda - 7374071740, 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 8725085001; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.
**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**